

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 2 फरवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-304 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### यही तो है डबल इंजन की सरकार : साय

**रायपुर,2 फरवरी।** मोदी सरकार ने गुरुवार को नई संसद में अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट के तौर पर साल 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास के लिए लगभग 6 हजार 896 करोड़ रुपये देने की घोषणा की. इस घोषणा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो 311 करोड़ मिलते थे अब मोदी सरकार में 7 हजार करोड़ मिले हैं. यही तो डबल इंजन की सरकार है. सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा, ÷छत्तीसगढ़- 2014 से पहले और 2014 के बाद 2009 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी, तब रेलवे विकास के लिए ?311 करोड़ मिलते थे. आज पीएम मोदी की सरकार है. रेलवे विकास के लिए लगभग ?7000 करोड़ मिले हैं. यही तो डबल इंजन की सरकार है. फर्क साफ़ है. बजट पेश होने के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पत्रकारों को संबोधित किया. इस दौरान अश्विनी वैष्णव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में रेलवे के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 6 हजार 896 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है. ये राशि तीन प्रमुख आर्थिक रेलवे कॉरिडोर में खर्च किए जाएंगे. जिसमें ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर, पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर और उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर शामिल है.

### अभिनेत्री पूनम पांडे का निधन

**नई दिल्ली,2 फरवरी।** मॉडल-अभिनेत्री, इंटरनेट सनसनी और सबसे विवादास्पद स्टार में से एक पूनम पांडे की कैंसर के कारण मौत हो गई है। शुक्रवार सुबह इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट ने इस खबर की पुष्टि की। पूनम पांडे की मैनेजर ने सोशल मीडिया पर खबर की पुष्टि करते हुए लिखा कि ''आज की सुबह



हमारे लिए कठिन है। आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। हर जीवित रूप जो कभी भी उनके संपर्क में आया, उसे शुद्ध प्रेम और दयालुता मिली। पोस्ट में लिखा है, ''दुख की इस घड़ी में, हम गोपनीयता का अनुरोध करेंगे, जबकि हमने जो कुछ भी साझा किया है उसके लिए हम उसे प्यार से याद करते हैं।''

### कांग्रेस की बैठक से गायब रहे 88 पदाधिकारी,नोटिस

**रायपुर,2 फरवरी।** कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में अनुशासनहीनता का मामला सामने आया है। जिसमें 1 फरवरी को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें ज्यादातर पदाधिकारी गायब थे। प्रदेश प्रभारी की बैठक से नदारद रहे। जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के अध्यक्ष अमीन मेमन ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ सभी से 3 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। जानकारी के मुताबिक बिना कोई सूचना दिए 88 पदाधिकारी बैठक से नदारद थे। इसमें 9 प्रदेश उपाध्यक्ष, 19 प्रदेश महासचिव, 51 प्रदेश सचिव और 9 जिला अध्यक्ष शामिल हैं। बता दें कि ये बैठक राजीव भवन में अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद गुलाब ने बुलाई थी। जिससे कई पदाधिकारी गायब थे।

## सीएम साय ने पुसौर धान खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण




रायगढ़,2 फरवरी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज धान बेचने आए किसानों से चर्चा की । उन्होंने पूछा कि धान बेचने में कोई तकलीफ तो नहीं हो रही है।, मुख्यमंत्री ने कहा अंतर की राशि जल्द किसानों को मिलेगी । धान खरीदी की तारीख बढ़ाने पर किसानों ने इसे मुख्यमंत्री साय का संवेदनशील निर्णय बताया। धान बोनस भुगतान के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसान हित में छुट्टी के दिनों में भी होगी खरीदी। साय ने अपने सामने धान का तौल करवाया और मॉइश्चर मीटर से नमी भी मपवायी।

## ज्ञानवापी:मस्जिद कमेटी को हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत

**इलाहाबाद,2 फरवरी।** ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज की सुनवाई पूरी हो गई है और इस दौरान मस्जिद कमेटी को हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है. यानि ज्ञानवापी स्थित तहखाने में पूजा पाठ जारी रहेगी. 6 फरवरी को हाईकोर्ट में अगली सुनवाई होगी. मस्जिद कमेटी ने अपनी याचिका में पूजा-पाठ पर अंतरिम स्थगन की मांग की थी लेकिन अदालत ने यह अनुमति नहीं दी. कोर्ट ने मस्जिद समिति से 6 फरवरी तक अपनी अपील में संशोधन करने को कहा. इलाहाबाद हाईकोर्ट का एडवोकेट जनरल को आदेश कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि यह देखते हैं कि रिसीवर को नियुक्त करने में इतनी जल्दबाजी क्यों की गई. मुस्लिम पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया कि हिंदू पक्ष के आवेदन को 17 जनवरी को रिसीवर (वाराणसी डीएम) नियुक्त करते हुए अनुमति दी गई और 31 जनवरी को पूजा की अनुमति देने का आदेश पारित किया गया. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा कि 4 तहखाने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में है, लेकिन इस बात का कोई दावा नहीं है कि हिंदू पक्ष किस तहखाने में प्रार्थना करना चाहता हैं. इस पर मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट को बताया कि हिंदू पक्ष चार तहखानों में से एक व्यास तहखाने को मांग रहा है. कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा कि आपने 17 जनवरी के आदेश डीएम को रिसीवर नियुक्त करने को चुनौती नहीं दी है. 31 जनवरी का आदेश एक परिणामी आदेश है, जब तक उस आदेश को चुनौती नहीं दी जाएगी तब तक यह अपील कैसे सुनवाई योग्य होगी? इसके बाद कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को अपनी अपील में संशोधन करने को कहा. कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से कहा कि आपने इसे पूरक हलफनामे के जरिए सामने रखा है. यह कोई रिट याचिका नहीं है. कोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा कि वहां की मौजूदा स्थिति क्या है? जिस पर एडवोकेट जनरल ने कोर्ट को बताया कि कानून-व्यवस्था वहां पर बनी हुई है.अदालत ने मुस्लिम पक्ष से कहा कि आपने रिसीवर की नियुक्ति के बाद आदेश 7 नियम 11 (वादी की अस्वीकृति) के तहत आवेदन दायर किया है. आपका मामला यह नहीं है कि आवेदन पर पहले सुनवाई की जाए. जिस पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता एसएफ़ए नकवी ने बताया कि हमारी चिंता डीएम द्वार 7 घंटे में की गई कार्रवाई को लेकर है जबकि उनको 7 दिन का समय दिया गया था.

मुस्लिम पक्ष ने कहा कि हम संशोधन आवेदन पेश करेंगे लेकिन हम फैसले पर रोक चाहते है और वहां यथास्थिति बनी रहें. हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मुस्लिम पक्ष ने 17 जनवरी के आदेश को चुनौती नहीं दी है जबकि 31 जनवरी वाला आदेश सही है और मुस्लिम पक्ष की अपील सुनवाई योग्य नहीं है.हिंदू पक्ष की तरफ से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और अधिवक्ता प्रभाष पांडेय ने पैरवी की. वहीं मुस्लिम पक्ष की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी और पुनीत गुप्ता ने पैरवी की. आपको बता दें कि वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने मस्जिद परिसर के भीतर व्यास जी के तहखाना में हिंदू भक्तों को पूजा अर्चना की अनुमति देने के वाराणसी की अदालत के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. इस फैसले के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने गुरुवार को इलाहाबाद का रूख किया था.

## असम में यूसीसी कानून लागू करने को सरमा तैयार

**गुवाहाटी,2 फरवरी।** उत्तराखंड और गुजरात जैसे राज्यों में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की तैयारी चल रही है। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी कह दिया है कि अगर सब ठीक रहा है तो वह अपने राज्य में भी इसे लागू करेंगे। हालांकि, इसमें कुछ बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार उत्तराखंड सरकार द्वारा तैयार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक की बारीकी से निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि हम देखने की कोशिश कर रहे हैं कि इसे पूर्वोत्तर राज्य में पूरी तरह से लागू किया जा सकता है या नहीं। आपको बता दें कि धामी सरकार के द्वारा गठित पांच सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपनी मसौदा रिपोर्ट सौंप दी है। इसके सिर्फ दो घंटे बाद ही सीएम सरमा की प्रतिक्रिया सामने आई है। सरमा ने कहा, उत्तराखंड में यूसीसी को लेकर जो भी काम हो रहा है उसपर बारीकी से नजर रखेंगे। यदि उत्तराखंड की सरकार यह विधेयक 5 फरवरी को राज्य विधानसभा में पेश करती है तो हम देखेंगे कि क्या इसे असम में भी पूरी तरह से लागू कर सकते हैं या नहीं। हमारा विधानसभा सत्र 12 फरवरी से शुरू होगा, इसलिए हमारे पास अभी कुछ समय है। सीएम सरमा ने बताया कि उनकी सरकार असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक अधिनियम तैयार कर रही है। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार यूसीसी को लागू करेगी लेकिन आदिवासी आबादी को इसके दायरे से दूर रखेगी। उन्होंने कहा था, ÷उत्तराखंड और गुजरात पहले यूसीसी लाएंगे और असम उन विधेयकों में कुछ नए बदलाव कर राज्य में लागू करेगा। उन्होंने कहा, मैं उत्तराखंड के यूसीसी विधेयक को देखने का इंतजार कर रहा हूं। जब यह एक बार यह पूरा हो जाएगा, हम वही कानून असम में भी लाएंगे। चूंकि हम बाल विवाह और बहुविवाह के खिलाफ काम कर रहे हैं, इसलिए इसमें कुछ बदलाव होंगे। असम में आदिवासी समुदाय को छूट दी जाएगी। सरमा ने यह भी कहा कि अगर यूसीसी विधेयक पर सार्वजनिक परामर्श 2-3 महीने में हो सकता है, तो इसे जल्द ही असम विधानसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि सब कुछ उत्तराखंड और गुजरात विधेयकों पर निर्भर करेगा, लेकिन असम यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य होगा।



## कांग्रेस का साथ छोड़ने वाले हैं आचार्य प्रमोद कृष्णम

### मोदी से मिलकर बोले-तूफान आएगा

**नई दिल्ली,2 फरवरी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी माने जाने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। अब भारतीय जनता पार्टी के साथ उनकी नजदीकियां बढ़ने की अटकलें लगाई जाने लगी हैं। हालांकि, इसे लेकर आचार्य प्रमोद या भाजपा की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। वह कांग्रेस नेताओं की तरफ से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराने पर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। साथ ही वह राहुल गांधी की यात्रा की तुलना भी पर्यटन से कर चुके हैं। आचार्य प्रमोद ने पीएम मोदी से मुलाकात की एक फोटो साझा की थी। वह श्री कल्कि धाम के कार्यक्रम में पीएम मोदी को न्योता देने पहुंचे थे। उन्होंने लिखा, 19 फरवरी को आयोजित श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री, आदरणीय श्री पीएम नरेंद्र मोदी जी को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, मेरे इस पवित्र भाव को स्वीकार करने के लिये माननीय प्राधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं साधुवाद। साथ ही अटकलों के बीच उन्होंने लिख दिया है, तूफान भी आएगा। इसपर पीएम मोदी ने भी जवाब दिया है। उन्होंने लिखा, आस्था और भक्ति से जुड़े इस पावन अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। निमंत्रण के लिए आपका हृदय से आभार आचार्य प्रमोद कृष्णम जी। कांग्रेस नेता भी प्रतिक्रिया दी, श्री हरि विष्णु के दशम और अंतिम अवतार भगवान श्री कल्कि नारायण की अवतरण स्थली संभल की पावन धरा पर आपका स्वागत है प्रभु।



## ज्ञानवापी परिसर में हिंदुओं ने दूसरे दिन भी की पूजा

**काशी,2 फरवरी।** भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हिंदू श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को दूसरे दिन भी ज्ञानवापी परिसर में पूजा-अर्चना की। वाराणसी की एक अदालत द्वारा बुधवार को 'व्यास जी का तहखाना' में पूजा की अनुमति दिए जाने के बाद, शुरुआत में, आधी रात की आरती और पूजा गुरुवार को की गई।वकील सोहन लाल आर्य ने कहा कि जिला न्यायाधीश के आदेश से 'व्यास जी का तहखाना' खोल दिया गया और वहां प्रार्थना की जा रही है। यह प्रार्थना का दूसरा दिन है। लोगों में काफी उत्साह है। ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिंदू पूजा से नाखुश मुस्लिम पक्ष ने आज वाराणसी में 'बंद' का ऐलान किया है और कहा है कि वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन भी करेंगे। नमाज के मद्देनजर अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने मुसलमानों से अपनी दुकानें और व्यवसाय बंद रखने की अपील की है। गुरुवार शाम को संगठन के महासचिव अब्दुल बातिन नोमानी ने देश भर के मुसलमानों से अपने-अपने शहरों और क्षेत्रों में विशेष प्रार्थना की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

## चंपई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली

**रांची,2 फरवरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने झारखंड के 7वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के दरबार हॉल में हो रहा है, जहां सोरेन को राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें कि गवर्नर ने गुरुवार को ही सोरेन को मुख्यमंत्री मनोनीत किया था। इससे पहले JMM विधायक दल के नेता चम्पाई सोरेन ने गवर्नर से जल्द से जल्द सरकार बनाने के उनके दावे को स्वीकार करने का आग्रह किया था, क्योंकि राज्य में 'भ्रम' की स्थिति बनी हुई थी। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर ने कहा कि चम्पाई सोरेन को अपनी सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है।



### सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ सुको का सुनवाई से इंकार

**नई दिल्ली,2 फरवरी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है. सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी. इस याचिका पर शीर्ष अदालत ने सुनवाई से इनकार कर दिया है और उन्हें हाई कोर्ट जाने की सलाह दी है. कोर्ट में सोरेन की तरफ से उनके वकील कपिल सिब्बल पेश हुए थे. हेमंत सोरेन की याचिका पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने कहा कि उन्हें सीधे सुप्रीम कोर्ट आने से पहले हाई कोर्ट जाना चाहिए था. वहीं सोरेने के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि हम लोग एक मुख्यमंत्री के मामले से जूझ रहे हैं. जस्टिस खन्ना ने कहा कि कोर्ट तो सभी के लिए खुला है. अगर हम एक शख्स को इस तरह से सीधे आने की अनुमति देते हैं तो सभी को देनी पड़ेगी.

## पूर्व मंत्री भगत व कारोबारियों के 45 ठिकानों पर आईटी की कार्रवाई जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग की पिछले तीन दिनों से कार्रवाई जारी है. आईटी की टीम ने बुधवार की सुबह प्रदेश भर में 45 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की. जिसमें पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, प्रदेश के बड़े कारोबारियों और बिल्डर्स के ठिकानों पर आईटी की छापेमार कार्रवाई जारी है. आईटी की टीम ने करोड़ों रुपये नगदी समेत, जेवर और अहम दस्तावेज जब्त किये हैं. रायपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ समेत प्रदेश के कई जिलों में पिछले 48 घंटों से आयकर विभाग की छापेमार कार्रवाई जारी है. जिसमें चौहान बिल्डर्स, प्रदीप जैन, विजय जैन, संदीप जैन, पप्पू बंसल, चंद्रभान शेरवानी समेत 47 ठिकानों पर



### घर के अंदर आईटी के अधिकारी, छत पर योगा करते दिखे भगत

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के घर पर आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है. लेकिन पूर्व मंत्री आईटी की कार्रवाई से बेफिक्र घर के छत पर योगासन करते हुए नजर आए.

दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं. इन छापेमारी कार्रवाई में आयकर विभाग के सीनियर ऑफिसर भोपाल से रायपुर पहुंचे हुए हैं. बलरामपुर के राजपुर में पूर्व खाद्यमंत्री के निज सहायक समेत रायपुर के एमएलए कॉलोनी स्थित पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के निवास पर कार्रवाई जारी है. बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम ने रेड में 2 करोड़ से अधिक नगदी, आभूषण समेत अहम दस्तावेज जब्त किये हैं. फिलहाल कार्रवाई जारी है.

31 जनवरी की तड़के आयकर विभाग ने रायपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ समेत प्रदेश के कई जिलों में छापेमारी की. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के अंबिकापुर स्थित घर और रायपुर विधायक कॉलोनी स्थित घर, दफ्तर पर भी आईटी की टीम पहुंची है. वहीं रायपुर के राजीव नगर स्थित चंद्रभान शेरवानी समेत लॉ विस्टा सोसाइटी में कारोबारी अमर होरा के घर, तेलीबांधा स्थित संदीप जैन के ठिकानों और दुर्ग-भिलाई में चौहान ग्रुप के घर और ऑफिस में छापा पड़ा. बिल्डर अजय चौहान के रामनगर स्थित ऑफिस और मौर्या टॉकीज के पास स्थित चौहान इस्टेट में भी आईटी की टीम ने दबिश दी. दुर्ग ग्रीन चौक स्थित हनुमंत राइस इंड्रस्ट्रीज के ठिकानों पर भी आईटी की टीम पहुंची. साथ ही भिलाई के पंचवटी सोसाइटी स्थित मकान नंबर 32/8 निवासी एस के केजरीवाल के घर आईटी की टीम

## कर्नाटक में बंधक जशपुर के 4 युवकों की सकुशल वापसी

**जशपुरनगर,2 फरवरी।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार श्रम विभाग की टीम द्वारा जिले के 4 पहाड़ी कोरवा युवकों को कर्नाटक से वापस लाया गया। बोरवेल गाड़ी में काम करने कर्नाटक में जाकर यह चरों युवक पिछले एक वर्ष से फंसे हुए थे जिन्हें अब जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम वापस लेकर पहुंच गई हैं । दरअसल जिले के ग्राम हर्रापाठ निवासी श्री शनिचरण राम, श्री सिकन्दर राम, बृजमोहन राम और विनोद राम को जिले के कुनकुरी के ग्राम राझाडाड निवासी ठेकेदार श्री विवेक प्रसाद साहू ने माह दिसम्बर- 2023 से अधिक मजदूरी का लालच देकर कर्नाटक ले गया था। वहां पर उन्हें रात और दिन काम कराया जा रहा था। लेकिन वेतन नहीं दिया जा रहा था उन्हें सिर्फ 5000 की राशि अग्रिम दी गई थी। जिसके बाद उन्हें और कोई वेतन नहीं दिया गया। इतना ही नहीं युवकों को घर आने भी नहीं दिया जा रहा था। ऐसे में इन युवकों ने वीडियो बनाकर मदद की अपील की थी। वीडियो पर कलेक्टर एवं पुलिस विभाग ने त्वरित संज्ञान लिया और इन युवकों की सुरक्षित वापसी के लिए श्रम विभाग को निर्देश दिए गए। जिसके पश्चात् पुलिस की मदद से कार्यवाही कर इन युवकों को सन्ना के उनके गृह ग्राम रामपाठ सकुशल पहुंचाया गया । प्रशासन की मद्द से घर वापस



## न्यायाधीशों को तकनीकी रूप से भी निपुण होना चाहिए : सिन्हा

**रायपुर,2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी में बांग्लादेश के 50 न्यायिक अधिकारियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने अकादमी पहुंचकर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को यादगार बना दिया. मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने न्यायपालिका में न्यायालय प्रबंधन और तकनीक के उपयोग विषय पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए कहा कि, न्यायपालिका का मुख्य कार्य निष्पक्ष और शीघ्र न्याय प्रदान करना है.उन्होंने अपने उद्बोधन में इस बात पर जोर दिया कि, न्यायधीशों को कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए न केवल अच्छा प्रबंधक होना आवश्यक है बल्कि तकनीकी रूप से निपुण होना भी आवश्यक है. उन्होंने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के कार्य और न्यायालय की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग प्रक्रिया से भी बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों को अवगत कराया. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न्यायधीशों की व्यवसायिक क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से बारीकी से तैयार किया गया था. इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवक्ता के रूप में कानून के विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था. इस दौरान छत्तीसगढ़ उच्च न्यायायल के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. निर्मल शुक्ला, फौज़िया मिर्ज़ा ने बांग्लादेश से आए न्यायाधीशों के समक्ष व्याख्यान दिया. बांग्लादेश से आए न्यायधीशों को अधिवक्ता अमृतो दास और नौशीना अली ने संबोधित किया था. हिदायतुल्ला विधि विश्वविद्यालय के विधि संकाय से अनिन्द्य तिवारी और कलिंगा विश्वविद्यालय के आयुष गोंडाले ने भी न्यायधीशों को विभिन्न विषयों पर संबोधित किया. प्रशिक्षण का एक-एक सत्र वन विभाग के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक अधिकारी अरूण पाण्डेय, सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार जनरल अशोक पण्डा और राज्य के न्यायिक अधिकारी श्री के.एल. चरयाणी और पंकज शर्मा ने भी लिया. छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की निदेशक सुषमा सावंत और अतिरिक्त निदेशक गरिमा शर्मा ने भी भारत में प्रचलित विधिक सिद्धांतों से बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों को अवगत कराया.



## पुल निर्माण में लगे वाहनों को नक्सलियों ने आग लगा दी

**नारायणपुर,2 फरवरी।** नक्सलियों ने एक बार फिर आदिवासी विकास विरोधी चेहरा सामने आया है. नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जीवलापदर में पुल के निर्माण में लगे वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया. आगजनी की फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, आदिवासियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए जीवलापदर के समीप नाले में पुलिया का निर्माण किया जा रहा है. निर्माण की जानकारी मिलने पर करीबन 50 की संख्या में हथियारबंद नक्सली मौके पर पहुंचे और पुलिया निर्माण में लगे वाहनों को आग के हवाले कर दिया. यहां तक पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूर की मोटर साइकिल को अपने साथ ले गए. पूरा मामला नारायणपुर के कुरूषनार थाना क्षेत्र का है. जानकार बताते हैं कि अबूझमाड़ के दुरुस्थ इलाकों से इस तरह की वाहनों को आग लगाने, सड़क खोदने, सड़क पर पेड़ गिराने जैसी खबरें बीच-बीच में आती रहती हैं. इस तरह की खबरें जानबूझकर नक्सलियों के द्वारा ग्रामीणों के जरिए फैलाई जाती है, जिससे फोर्स जानकारी लेने के लिए मौके पर पहुंचे. फोर्स के पहुंचने पर पहले से एम्बुश लगाए बैठे नक्सली हमला कर देते हैं.



## एक नजर



### बीएसपी के एसएमएस-3 बिलेट कास्टर ने बनाया नया रिकॉर्ड

**भिलाई, 2 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, जो क्रूड स्टील का उत्पादन कर बार एंड रॉड मिल, मर्चेंट मिल और वायर रॉड मिल को कास्ट बिलेट तथा यूनिवर्सल रेल मिल को कास्ट ब्लूम्स की आपूर्ति करती है, ने अपने बिलेट कास्टरों से सबसे लंबे कास्टिंग अनुक्रम का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। एसएमएस-3 ने अपने दो बिलेट कास्टरों सीके-1 और सीके-2 से लगातार 9 दिनों तक कास्टिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया है। कास्टिंग 22 जनवरी 2024 से प्रारंभ होकर 31 जनवरी 2024 की सुबह समाप्त हुई। इस अवधि के दौरान दोनों कास्टर में सात फ्लाइंग टंडिश का प्रयोग कास्टिंग के लिए किया गया था। उल्लेखनीय है कि बिलेट कास्टर के लिए फ्लाइंग टंडिश प्रैक्टिस को एसएमएस-3 में सफलतापूर्वक विकसित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप कास्टर निर्बाध रूप से चल रहा है और रोलिंग मिलों के लिए इनपुट की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है, जो कास्ट बिलेट्स और कास्ट ब्लूम के लिए एसएमएस-3 पर निर्भर हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र यह उपलब्धि हासिल करने वाला एकमात्र एकीकृत इस्पात संयंत्र है। इस नौ दिन की अवधि के दौरान, बिलेट कास्टर सीके-1 से 23,960 टन का उत्पादन कर 145 हीट की सबसे लंबी कास्टिंग अनुक्रम हासिल की गई। अन्य बिलेट कास्टर सीके-2 से 36,705 टन का उत्पादन कर 221 हीट की सबसे लंबी कास्टिंग अनुक्रम हासिल की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने बिलेट कास्टर के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन के लिए एसएमएस-3 टीम और संबंधित विभागों के सदस्यों को बधाई दी है।

### वालीबॉल टीम के लिए चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 2 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा दिनांक 15 से 17 फरवरी तक भिलाई में सेल वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सेल कार्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली से सम्बद्ध विभिन्न इस्पात संयंत्रों की टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की वालीबॉल टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा वालीबॉल कॉम्पलेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1, भिलाई में 5 फरवरी को संध्याः 06.30 बजे से बी.एस.पी. टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गई है।

### सिंटर प्लांट्स ने दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**भिलाई, 2 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट्स ने जनवरी 2024 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन रिकॉर्ड दर्ज किया है। दोनों सिंटर प्लांट्स, एसपी-2 और एसपी-3 से कुल 7,90,112 टन सिंटर उत्पादन का रिकॉर्ड किसी भी महीने के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। कुल सिंटर उत्पादन का पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड अक्टूबर 2023 में 7,64,829 टन दर्ज किया गया था। सिंटर प्लांट-3 ने जनवरी 2024 में 5,38,154 टन सिंटर उत्पादन के साथ अब तक का सबसे अच्छा मासिक उत्पादन दर्ज किया, जो कि मार्च 2023 में हासिल पिछले सर्वश्रेष्ठ 5,38,095 टन से अधिक है।

### महिला से की लाखों की ठगी

**भिलाई, 2 फरवरी।** भिलाई वैशालीनगर थाना क्षेत्र अज्ञात ने एक महिला को दुगुना राशि का झांसा देकर 2.13 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि श्रीमती ममता जैन पति सुनील जैन (47 वर्ष) निवासी वैशाली नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 फरवरी 2023 की रात 8.30 बजे उसके रजिस्टर्ड के मोबाइल नंबर के टेलीग्राम ऐप पर अज्ञात मोबाइल नंबर के माध्यम से मैसेज किया कि यदि उक्त स्कीम के तहत रकम का सुबह तक दुगुनी वापस करने का झांसा दिया प्रार्थिया ने अपने एसबीआई के खाता से अलग-अलग किश्तो में अज्ञात के दिए गए क्यू कोड में जी.पे के माध्यम से 2,130,10 रुपए की धोखाधड़ी की है पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### कंपनी के लाकर से 14.83 लाख का गबन

**भिलाई, 2 फरवरी।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लॉकर से अज्ञात द्वारा 14.83 लाख रुपए गबन करने का मामला सामने आया है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 409 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया निवासी मैत्रीकुंज रिसाली निवासी श्रौती साहा घोष (41 वर्ष) भिलाई में इन्स्टाकार्ट सर्विसेस प्रा. लि. के भिलाई हब की प्रभारी है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि स्थानीय डिलीवरी हब में फ्लिपकार्ट एवं मिंत्रा का ऑनलाइन सामान आता है डिलीवरी ब्वाय सामान ग्राहक तक पहुंचाता है सामान की रकम नगद में प्राप्त कर ऐप के अनुसार सम्पूर्ण रकम उस समय उपस्थित टीम लीडर को देते हैं प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि उनके यहां 4 टीम लीडर हैं 25 जनवरी से 28 जनवरी तक कलेक्शन रात 9.30 बजे डिजिटल लॉकर में सम्पूर्ण कलेक्शन 14,83,948 रुपए रख दिया गया कोई अज्ञात ने पूरे पैसे का गबन कर दिया है

# विकसित भारत का बजट, तेज होगी आर्थिक विकास को गति:मनीष




**भिलाई, 2 फरवरी।** भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने केन्द्र सरकार के वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह विकसित भारत का बजट है जिससे देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का आह्वान किया है। इस आह्वान को साकार करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। पाण्डेय ने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। देश की जनता के देखा है कि हमारी केन्द्र सरकार ने इन 10 वर्षों में देश के सर्वांगीण विकास और जन-जन की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ गरीबों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी मिली है। 1 करोड़ 40 लाख युवाओं को रोजगार मूलक कार्यों की ट्रेनिंग दी गई है। इस अवधि में लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है इसी का परिणाम है कि इन वर्षों में भारतीयों की औसत वास्तविक आय में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता को जो गारंटी दी है उन्हें पूरा करने की दिशा में यह बजट ऐतिहासिक है। इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट देश के समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला और युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने वाला साबित होगा। राज्यों के विकास के लिए 75,000 करोड़ रुपये के ब्याज-मुक्त कर्ज का प्रावधान इस बजट में किया गया है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। लखपति दीदी योजना का दायरा बढ़ाने के निर्णय से महिला शक्ति और सशक्त होगी। सरकार की नीतियों का ही परिणाम है कि विदेशी निवेश भी सकारात्मक रूप से बढ़ा है। स्टार्टअप में एक साल के लिए टैक्स की छूट देने का निर्णय युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से बैटरीचलित ट्राइसिकल पाकर प्रदीप का चेहरा खिला



**कवर्धा, 2 फरवरी।** देर रात छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मोबाइल पर फोन आया। उपमुख्यमंत्री शर्मा को सीधे मोबाइल पर प्रदीप साहू ने कॉल किया और अपनी परेशानियां बताई। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदीप साहू से विनम्रता से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा कहा अगले यानी गुरुवार को मैं कवर्धा के दौरे पर रहूंगा। सुबह 11 बजे आपकी समस्याएं दूर हो जाएगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने वायदे को पूरा करते हुए आज सुबह गुरुवार को सुबह श्री प्रदीप साहू से कलेक्ट्रोरेट परिसर में भेंट की और उन्हें बैटरी चलित ट्राइसिकल भेंट की।प्रदीप साहू मूलतः कबीरधाम जिले के ग्राम जेवड़न का रहने वाला है। वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है। चल फिर नही पाने के कारण वह बहुत दिनों से परेशान था। उन्होंने इससे पहले बैटरीचलित ट्राइसिकल के लिए मांग की थी, उन्हें नही मिल पा रहा था। ट्राइसिकल मिलने के बाद दिव्यांग श्री प्रदीप साहू का आत्मविश्वास बढ़ गया है। वह बहुत खुश है। उन्होंने बताया अब आसानी से अपने घरेलू काम कर सकता है। प्रदीप साहू ने ट्राइसिकल मिलने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशानुसार वार्ड नम्बर 19 कवर्धा के निवासी श्री गोवर्धन सिंह ठाकुर को समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया।

## कार्यपालक निदेशक ने आईआर गाइड बुक का किया विमोचन



**भिलाई, 2 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक विभाग के औद्योगिक संबंध अनुभाग की आईआर गाइड बुक का विमोचन कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर की उपस्थिति में किया गया।

कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने अन्य उच्चाधिकारियों से भी आग्रह किया कि वे भी अपने विभागों से इसी तरह आवश्यक जानकारी से परिपूर्ण किताब प्रकाशन करने हेतु अधिकारियों को प्रेरित करें। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कहा कि व्यस्तता के बीच इस गाइडबुक का संग्रहण एवं संपादन करने में आईआर विभाग ने अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। इस अवसर पर पुस्तिका के संग्रहण एवं संपादनकर्ता आईआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक रोहित हरित ने आभार व्यक्त किया। संचालन आईआर के विभाग प्रमुख व महाप्रबंधक जे एन ठाकुर ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती शीजा मैथ्यू, महाप्रबंधक एस के सोनी, महाप्रबंधक श्रीमती अनुराधा सिंह, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक सुश्री के सुपर्णा व उप महाप्रबंधक विकास चंद्रा, उप महाप्रबंधक अजय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास के लिए निगम में जमा हो रहे हैं आवेदन

**भिलाई, 2 फरवरी।** किराए में निवासरत परिवारों को प्रधानमंत्री आवास पाने का सुनहरा मौका है। इसके लिए 01 फरवरी से निगम मुख्यालय में दस्तावेजों के साथ फार्म जमा होना प्रारंभ हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत किरायेदारी में निवासरत परिवारों के लिये तृतीय चरण में सूर्या विहार के पीछे वार्ड क्र. 01 खम्हरिया, कृष्णा इंजी. कॉलेज के पीछे वार्ड क्र. 01 खम्हरिया, एनार स्टेट वार्ड क्र. 01 खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे वार्ड क्र. 01 खम्हरिया सहित विभिन्न स्थानों पर निर्मित/निर्माणाधीन आवास आवंटन के लिये उपलब्ध है। योजना विभाग के प्रभारी विद्याधर देवांगन ने बताया कि आवास आबंटन के लिये निर्धारित प्रारूप में पंजीयन आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस में 1 फरवरी से प्रतिदिन शाम 04 बजे तक नगर पालिक निगम, भिलाई मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक 16 योजना शाखा (आवास आबंटन शाखा) के प्रधानमंत्री आवास योजना काउंटर से भिलाई निगम क्षेत्र का आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत कर तथा 100/- रू. का नगद भुगतान कर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। आवास आवंटन प्रक्रिया में तृतीय लिंग समुदाय, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिया जाएगा। 1 फरवरी से फॉर्म प्राप्त कर नागरिकगण सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूर्ण रूप से भर कर निर्धारित कक्ष क्रमांक 16 योजना शाखा के प्रधानमंत्री आवास योजना काउंटर में 29 फरवरी तक जमा कर सकते है। आवेदन फॉर्म के साथ जमा किए जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी व नियम शर्त मुख्य कार्यालय में चस्पा की गई है जिसका अवलोकन कार्यालय अवधि में किया जा सकता है। इसके अलावा भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 22 दिसंबर से 3 जनवरी तक आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर से प्राप्त किये आवेदन पत्रों को भी आवश्यक दस्तावेज के साथ उक्त निर्धारित तिथि में जमा किया जा सकता है।

### 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 4 से 7 फरवरी को

**भिलाई, 2 फरवरी।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता गतका बालक-बालिका 17, 19 वर्ष का आयोजन 4 से 7 फरवरी तक दुर्ग/भिलाई में किया जा रहा है। शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 4 फरवरी को 11 बजे एवं समापन समारोह 7 फरवरी को 12 बजे भिलाई विद्यालय सेक्टर-2, भिलाई में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों/शिक्षा संगठन से लगभग 229 खिलाड़ी एवं 100 ऑफिशियल्स भाग लेंगे।

## साजा नगर पंचायत में शान से लहराया तिरंगा

**साजा, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी जायसवाल ने फहराया तिरंगा और अध्यक्ष और




अधिकारी कर्मचारियों ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। ध्वजारोहण के उपरांत मिठाई वितरित कर और मिठाई खाकर धूमधाम से गणतंत्र पर्व मनाया गया। पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल, सी एम ओ टी एस चंद्रवंशी, उप अभियंता लोकेश शर्मा, लेखापाल भारतभूषण ठाकूर, पूर्व उपाध्यक्ष बिसरू साहू लोकेश्वरी साहू., दुर्गा गोयल.यूगेश्वर सोनी, .पूष्पा सिन्हा अवधेश.गोयल.राजेश.ठाकूर सहित जनप्रतिनिधि एव.अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंतरिम बजट को भाजपा ने बताया शानदार और कांग्रेस ने बताया निराशाजनक

**कवर्धा, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वित्त मंत्री



निर्मला रमण के द्वारा अंतरिम बजट पेश किया। बजट की तारीफ करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा की वित्त मंत्री निर्मला रमण का लोहा पूरा देश दुनिया मानती है और मोदी सरकार विकास की प्रयार्य बन चुकीं है। अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने बताया की गरीब परिवार और युवाओं, महिलाओ के हितों को देखकर बजट पेश किया गया है शानदार बजट है। पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल और कवर्धा महिला शहर अध्यक्ष रानू दुबे ने युवाओं, किसानों के हितों पर बजट में कोई ध्यान नहीं दिया गया और बजट निराशाजनक है।

## सुनसान इलाकों में शराब और गांजा पीने वालो पर पुलिस अधीक्षक ने की कारवाई



**कवर्धा, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुनसान इलाकों में शराब और गाँजा पीने वाले असामाजिक तत्वों पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर द्वारा की गई कार्यवाही। ऐसी कारवाई की जनमानस में भी तारीफ की चर्चा जोरों से है।

उतई - नगर पंचायत पाटन में दिनांक 01-02-2024 को छत्तीसगढ़ मे भाजपा सरकार द्वारा ÷ प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ÷ को हरी झंडी मिलते हि, जो लाभार्थी इस योजना का लाभ ले सकते है उनके लिए नगर पंचायत पाटन द्वारा शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर मे मुख्य रूप म नगर पंचायत सी.एम.ओ योगेश्वर उपाध्याय जी, पाटन नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले, दामोदर चक्रधारी ,सागर सोनी, चिरंजीव देवांगन, अखिलेश मिश्रा, आभाश दुबे साहित सभी लाभार्थी मौजूद थे। यह शिविर नगर पंचायत द्वारा 02-02-2024 को भी रखा जाएगा।

## कचांदुर शासकीय अस्पताल के लिए चलेगी सिटी बस



**भिलाई, 2 फरवरी।** चन्दुलाल चंद्राकर मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल कचांदुर दुर्ग में इलाज हेतु आने वाले मरीजो व उनके परिजनो के तथा पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी नगर निगम भिलाई ने बस सेवा प्रारंभ किया है, जो दिन में दो फेरा करेगी। दुर्ग बस स्टेण्ड से प्रातः 9 बजे रवाना होकर 10 बजे हास्पिटल कचांदुर पहुँचेगी और 12 बजे हास्पिटल से प्रस्थान कर 1 बजे दुर्ग बस स्टेण्ड आगमन होगा. उसी दिन दुसरा फेरा दोपहर 2 बजे दुर्ग बस स्टैंड से प्रस्थान कर 3 बजे कचांदुर हॉस्पिटल पहुंचने के पश्चात 4 बजे हॉस्पिटल से निकल कर 5 बजे सायं को दुर्ग बस स्टैंड पहुँचेगी। सिटी बस अपने फेरे के दौरान दुर्ग बस स्टेण्ड से प्रस्थान कर मालवीय चौक दुर्ग, नेहरू नगर चौक भिलाई, सूर्यामॉल चौक जुनवानी, अवंति बाई चौक कोहका, रूंगटा कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद मार्ग से होते हुए चन्दुलाल चंद्राकर हास्पिटल कचांदुर पहुँचेगी तथा वापसी भी इसी मार्ग से होगी। कचांदुर का शासकीय हास्पिटल शहर से दुर होने के कारण वहाँ इलाज के लिए आने वाले मरीज व उनके परिजनों तथा वहाँ अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को आने जाने में परेशानी उठाना पड़ रहा था। सिटी बस के प्रारंभ हो जाने से लोगो को आवागमन में सुविधा रहेगा।

### शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय का 2 दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सम्मेलन

**दुर्ग, 2 फरवरी।** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग का ''प्रशामक नर्सिंग समुदाय आधारित प्रशामक मॉडल को लागू करने की दिशा में एक रास्ता तलाश रहा है'' थीम पर दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 2 एवं 3 फरवरी को सीए भवन, आंध्रा बैंक के पास, सिविक सेंटर, सेक्टर-06, भिलाई, 490006 में आयोजित किया जाएगा। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्या से मिली जानकारी के अनुसार 2 फरवरी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक चिकित्सा शिक्षा संचालनालय रायपुर डॉ. विष्णु दत्त एवं 3 फरवरी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ नर्सेस पंजीयन परिषद रायपुर श्रीमती दुर्गावती कुंजाम होंगे।

### कलेक्टर ने धान उर्पाजन केन्द्रों का किया निरीक्षण

**दुर्ग, 2 फरवरी।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने धमधा विकासखण्ड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत नारधा, मुरमुंदा तथा अहिवारा में धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री महेश राजपूत, खाद्य अधिकारी श्री सी.पी. दिपांकर के साथ विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान उपार्जन संबंधी आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। ग्राम पंचायत नारधा में सेवा सहकारी समिति मर्यादित धान उपार्जन केन्द्र में निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक शेखर सिंह कश्यप ने बताया कि कुल 1619 किसान पंजीकृत है जिसमें कुल किसान 1491 किसान लाभान्वित हो रहे। मोटा, पतला तथा सरना मिलाकर कुल 76882.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें 59980 क्विंटल धान उठाव हो चुका है शेष धान 16902.40 क्विंटल का डीओ जारी किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मुरमुंदा में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को समिति प्रबंधक प्रमोद रामटेके ने बताया कि कुल पंजीकृत किसान 699 में से 663 किसानों ने धान बेचा है।

## जानलेवा हमला,पिता व पुत्र गिरफ्तार



**भिलाई, 2 फरवरी।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई चुसलर पारा में एक व्यक्ति ने अपने नाबालिग बेटे के साथ मिलकर अपने ही भांजे पर जानलेवा हमला कर दिया उसके भांजे ने अपनी नानी यानी आरोपित मामा की मां को अपने घर पर रखा था इसी के चलते आरोपित व उसका बेटा नाराज था आरोपितों ने पीड़ित को फोन कर अपने घर पर बुलाया और विवाद करते हुए उस पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया घटना की जानकारी लगते ही उतई पुलिस ने आरोपित पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है उतई टीआई

कपिल देव पांडेय ने बताया कि पीड़ित गोपी तांडी पर उसके मामा अजीत बाघ और उसके अपचारी बेटे ने मिलकर जानलेवा हमला किया आरोपित अजीत बाघ अपनी मां से विवाद करता था जिसके चलते वो अपनी बेटी व पीड़ित नाती के साथ उसके घर पर रहती थी। इसी विषय पर बात करने के लिए आरोपित पिता पुत्र ने पीड़ित गोपी तांडी को अपने घर पर बुलाया। पीड़ित उसके घर पर गया तो आरोपित ने विवाद शुरू कर दिया। पीड़ित ने कहा कि वो अपनी मां के साथ अपनी नानी को भी अपने ही घर पर रखेगा इस बात पर आरोपित आक्रोशित हो उठे अपचारी आरोपित ने अपने पास से कटर निकालकर उसके गले पर वार कर दिया इसके बाद आरोपित ने दूसरी बार फिर से वार किया लेकिन पीड़ित ने उसे हाथ से रोकने का प्रयास किया तो उसकी भुजा पर चोट लगा भांजे ने अपनी नानी को अपने घर पर रखा था, इसी को लेकर नाराज थे आरोपित कटर से गले और भुजा पर किया हमला, घायल की हालत गंभीर।

## आयुक्त ने बिजली विभाग को टॉवर से बिजली काटने लिखा पत्र

**भिलाई, 2 फरवरी।** भिलाई निगम अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारने कमर कस ली है निगम में देय करों की राशि को पटाने में हीलाहवाली करने वालों के विरुद्ध बड़ी कार्वाई की तैयारी कर रहा है। सम्पत्तिकर वसुली हेतु मुनादी करवाया जा रहा है। बडे बकायादारों से सम्पर्क कर राजस्व अमला उन्हे नोटिस दे रहे ताकि समय मे राशि जमा कर दे और कुर्की जैसे कार्वाई से बचें। इसी कडी मे निगम क्षेत्र में संचालित मोबाइल टॉवर कंपनी द्वारा अनुज्ञा शुल्क, नवीनीकरण शुल्क तथा अनुज्ञा शुल्क के अंतर की राशि जमा नहीं किया जा रहा है। अब इनके विरूद्ध



निगम प्रशासन सख्त कदम उठाते हुए मोबाइल टॉवर को सील बंद करने की कार्यवाही करेगा। भिलाई निगम क्षेत्र में अलग अलग नेटवर्क कंपनी के टॉवर है, इनमें 07 कंपनी के 43 टॉवर का राशि जमा नहीं हुआ है। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता को टॉवर से बिजली काटने पत्र लिखा है। भिलाई में संचालित मोबाइल टॉवर के एजेंसी द्वारा निगम को देय राशि जमा नहीं किया जा रहा है, शुल्क जमा कराये जाने हेतु समय समय पर नोटिस / डिमांड प्रेषित किया गया है, किन्तु अद्यतन तक राशि जमा नहीं कराया गया है। अब निगम 15 ,16 एवं 19 फरवरी को मोबाइल टॉवर की बिजली कनेक्शन विच्छेदन करने सहित उक्त स्थल पर लगे टॉवरों को हटाने /सील बंद करने की कार्यवाही की जाएगी और इस पर होने वाले व्यय राशि की वसूली उक्त कंपनी से किया जाएगा।

**07 कंपनी से 83 लाख बकाया राशि** –भवन निर्माण अधिकारी हिमांशु देशमुख ने बताया कि भिलाई के 7 टॉवर कंपनी द्वारा निगम को देय राशि का भुगतान नहीं किया गया है। निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ऐसे 43 टॉवर है, जिनका बकाया राशि 83,86,856रू है। आयुक्त के निर्देशानुसार बिजली कनेक्शन विच्छेदन सहित टॉवर स्थल को सीलबंद की कार्वाई किया जाना है।

## बच्चें की संदिग्ध मौत,जांच जारी

**भिलाई।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र वार्ड-4 निवासी एक बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कराया इस दौरान बच्चे की पसलियां टूटी मिमी प्रथम दृष्टया हत्या का संदेह पुलिस ने जाहिर किया है बच्चे के माता-पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि परिजनों ने बच्चे को पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया साथ ही इसका सूचना पुलिस को दी इसके बाद पूरा मामला पुलिस तक पहुंचा बच्चे की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

पुलिस ने मृतक के पड़ोसियों से भी पूछताछ की है खबर है कि माता-पिता को भी थाना में बुलाकर पूछताछ की गई है लेकिन कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है

## एक नजर

### भारत को नई ऊंचाई देने वाला बजट: रमेश पटेल

**राजनांदगांव, 2 फरवरी ।** आज प्रस्तुत हुए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ट नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख ने कहा कि आज का बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट है, आज के बजट में भारत के सर्वांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहा है। बजट में स्किल डेवलपमेंट को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है जिसके कारण देश का रोजगार तेजी से बढ़ेगा। बजट में देश का पूंजीगत व्यय 11त्न और बढ़ा दिया गया है अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी वहीं निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और वहीं बड़ी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा और विकसित भारत के सपने के साकार करने भारत तेज गति से आगे बढ़ेगा। श्री पारख ने कहा केंद्र ने हमेशा राज्यों को बड़ी मदद दी है इस बार भी बजट में राज्यों के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋ़ण देने का प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है।छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा।भारत देश ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रूव तक झंडा गाड़ दिया है मोदी सरकार ऐसे कई और रिकॉर्ड बनाने के लिए संकल्पित है इसीलिए रिसर्च के कार्य के लिए भी 1 लाख करोड़ का प्रावधान स्वागत योग्य है। श्री खूबचंद पारख ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की नींव मजबूत करने की गारंटी वाला सिद्ध होगा।

### मोदी सरकार गरीबों के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है: किरण वैष्णव

**छुरिया 2 फरवरी।** जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि



आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में आज वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी के द्वारा पेश किए गए 2024-25 का अंतरिम बजट विकसित भारत के परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी साथ ही आत्मनिर्भर भारत के सपने को नया पंख मिलेगा। इसमें युवा, गरीब, महिला, किसान, मध्यमवर्ग सहित समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। उन्हें और कैसे सशक्त किया जाए, इसकी चर्चा की गई है। यह बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर करेगा। मोदी सरकार गरीबों के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है । देश की नारीशक्ति को और सशक्त बनाने के लिए मोदी सरकार पूरे समर्पण के साथ निरंतर कार्यरत है।ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान..सभी को सशक्त करेगा। ये बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है।इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है।

### भक्तराज गुहा निषाद की जंयती मनाई

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** विधानसभ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोडिया में विगत दिनों भक्त गुहा निषाद



राज की धुमधाम से जयंती मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य रौशनी वैष्णव उपस्थित रही। वहीं अध्यक्षता सरपंच दिल्लू साहू व विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव, मेघनाथ निषाद, दूखूराम निषाद, गोपाल निषाद, अमोली निषाद, रामचंद्र, मेघनाथ साहू थे। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि द्वारा राम मंदिर, शीतला माता देवालय से विधि-विधान से पूर्जा अर्चना कर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि रामचंद्र जी कृपा भक्त गुहा वंशज के उपर सदैव बनी रहे। गंगा पार करा कर प्रभु श्रीराम चंद्र जी भक्त में गुहा निषाद जी स्थान प्राप्त हुआ। तत्पश्चात आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को प्रभु रामचन्द्र जी फोटो फ्रेम एवं श्रीफल भेंट सम्मान किया गया। इसके बाद मातृशक्ति व बहनों को तिलक लगाकर फुलमालाओं से स्वागत कर भव्य शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जो गांव का भ्रमण करते हुए वापस आयोजन स्थल में शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान झरियार निषाद, सत्यवान निषाद,टीकम निषाद, विमल निषाद, डेहरा राम निषाद, बबला निषाद, घना राम निषाद, जोहन निषाद, ताऊराम, भेखराम, भोजराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व माताएं बहने व बच्चें शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सचिन निषाद किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्येक गारंटी होगी पूरी: परविंदर सिंह मोंटी

**डोंगरगढ़ 2 फरवरी।** सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू होने



पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कैबिनेट को साधुवाद देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पूरा करने की प्रतिबद्धता दिखाई बुधवार के हुए कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लेते हुए प्रदेश में महतारी वंदन योजना को लागू किया है । महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के विवाहित महिलाओं को ?1000 प्रति माह यानी सालाना ?12000 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी ,शासन की महत्ती योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के निवासी विवाहित महिला जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो जाएगी उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा ,विवाहित महिला के अलावा विधवा ,तलाकशुदा ,परित्यक्ता महिलाओं को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है । हमारी सरकार ने प्रदेश की जनमानस से जो वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए दृढ़संकल्पित है।

# छत्तीसगढ़ वारियर्स से राज्य को खेल जगत में भी मिलेगी नई पहचान:मुख्यमंत्री

**रायपुर, 2 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के निजी होटल में छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित छत्तीसगढ़ वारियर्स स्क्वॉयड' के लॉन्चिंग कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ वारियर्स स्क्वॉयड के लोंगो तथा पोशाक को लॉन्च करते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वारियर्स के माध्यम से खेल जगत में भी राज्य को विशिष्ट पहचान मिलेगी। क्रिकेट काफी लोकप्रिय खेल है शहर से लेकर गांव तक में भी इसे लोग बड़े उत्साह के साथ खेलते है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों को आगे ले जाने के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की। इससे नई प्रतिभाएं उभर कर सामने आ रही है। आज खेल के क्षेत्र में भी भारत में काफी मेडल आने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ वारियर्स नाम की टीम तैयार की गई है। इससे पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां क्षेत्र खनिज और वनोंपज से भरपूर है। यह राज्य कला, साहित्य तथा संस्कृति आदि के क्षेत्र में आगे है ही और अब छत्तीसगढ़ वारियर्स से खेल जगत के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ को नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा राज्य में खेलो को बढ़ावा देने निरंतर कार्य किए जा रहे है। इनमें नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट




स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मैंचों का आयोजन हो रहा है। साथ ही खेल के आधारभूत संरचनाओं का तेजी से निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग छत्तीसगढ़ वारियर्स सहित देश के विभिन्न राज्यों से कुल 6 टीमें भाग ले रही है। इनके बीच कुल 18 मैचेस आयोजित होंगे। इसका आयोजन देहरादून-उत्तराखंड में 23 फरवरी से 03 मार्च 2024 तक किया गया है। छत्तीसगढ़ वारियर्स की टीम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके श्री यूसुफ पठान, श्री मुनाफ पटेल, श्री नमन ओझा, श्री स्टुवर्ड बिन्नी, श्री डवेन स्मिथ आदि खिलाड़ी शामिल है। इस अवसर पर विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा तथा श्री तरूणेश परिहार, श्री योगेश अग्रवाल, श्री प्रवीण त्यागी, श्री सदत घोष सहित क्रिकेट जगत से जुड़े खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# सीताकसा मे डोंगरगांव पुलिस ने लगाया चलित थाना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 2 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे ÷आपकी पुलिस आपके द्वार÷ बैनर तले ÷जन चौपाल÷ ग्राम सीताकसा मे लगाया गया जिसमे पुर्व सरपंच ,पटेल, पंच, कोटवार एवं महिला समुह के सदस्यगण व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्हे वर्तमान मे होने वाले सायबर अपराध जैसे लिंक के माध्यम से , ह्रुक्क के माध्यम से, वाटसअप के माध्यम से , फेसबुक मेसेंजर के माध्यम से किये जाने वाले फॉड कर पैसो की ठगी करने के संबंध मे विस्तृत जानकारी दिया गया तथा यह बताया गया है कि किसी भी अनजान लिंक को ना खोले, तथा बैंकों के कर्मचारी बनकर खाता बंद करने , एटीएम बंद करने ,पैसा दुगना करना , कंपनी के तरफ से ऑफर आने के नाम पर ,आधार , पेन कार्ड , बैंक खाता का केवायसी करने के नाम पर करने वाले ठगी के संबंध मे जानकारी देकर जागरूक किया गया है । साथ ही शासन द्वारा जारी ÷अभिव्यक्ति एप ÷ के उपयोगिता, वाहन डायल 112 , श्व- बीट के बारे मे जानकारी दी गई जिससे उपस्थित जनसामान्य के द्वारा लाभान्वित होकर अपना खुशी जाहीर किये ।

### नरेन्द्र मोदी का महिमामंडन करने वाला खोखला अंतरिम बजट: कुलबीर छाबड़ा

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने लोकसभा चुनाव से पहले रखे गए अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जुमलों, झांसों, झूठ व आंकड़ों की हेराफेरी करने वाला निरस, दिशाहीन बजट है। उन्होंने कहा कि इसे चुनावी भाषण के सिवाय कुछ नही कहा जा सकता। श्री छाबड़ा कहा कि, एक ओर वित्तमंत्री ने दावा किया है कि विगत 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर निकाला है, फिर सवाल उठता है कि आज भी 80 करोड़ लोगों को गरीब बताकर हर माह 5 किलो मुफ्त राशन क्यों दिया जा रहा है? यदि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से नीचे से निकाला है तो आमजन की आय क्यों नही बढ़ी, बेरोजगारी विगत 45 सालों में सबसे जयादा क्यों है? घरेलू कंजम्शन कम क्यों हो रही है? जब लोगों के पास जीवनयापन करने के लिए पैस ही नही तो फिर वे गरीबी रेखा से कैसे निकले?

# चुनाव जीतने में बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका प्रमुख:भागवत साहू

**छुरिया 2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के आदेश पर राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने हमारा बूथ करेंगे मजबूत अभियान को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निर्देशित किया हमारा बूथ करेंगे मजबूत अभियान के तहत कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई सहित कांग्रेस के नेताओं को पांच-पांच बूथ की जिम्मेदारी दी जाने की बात कही। सभी बूथ प्रभारी तीन दिवस के भीतर अपने-अपने प्रभार बूथों में जाकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से चर्चा कर आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में बूथ कमेटी की भूमिका पर चर्चा, आवश्यकता अनुसार बूथ कमेटी में संशोधन, भारत जोड़ो न्याय यात्रा का छत्तीसगढ़ आगमन पर चर्चा, राज्य सरकार की विफलताओं पर चर्चा सहित अन्य विशेष मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उक्त बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के साथ में पूर्व जिला अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, थानेश्वर पाटीला, रमेश खंडेलवाल, अंगेश्वर देशमुख, मन्ना यादव, इकरामुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, घनश्याम देवांगन, रतन यादव, अशोक साहू, पूरनलाल नेताम, एकनाथ सिन्हा, प्रभा साहू, खिलेश्वर पाल, संगीता साहू, सुरेश कुमार सिन्हा, चेतन दास साहू, रमेश साहू, गणेश राम साहू, कीर्तन मांडवी, कमला प्रसाद, तूल दास साहू, दुर्गेश द्विवेदी, विजय शर्मा, शिशुपाल भारती सहित अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अजय मारकंडे ने किया।



# विकसित भारत का बजट, मिलेगी आर्थिक विकास को गति :देवप्रसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 2 फरवरी।** मोहला मानपुर चौकी भाजपा भाजयुमो जिलाध्यक्ष देवप्रसाद नेताम ने संसद में प्रस्तुत केन्द्र मे मोदी सरकार के वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह विकसित भारत का बजट है जिससे देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का आह्वान किया है। इस आह्वान को साकार करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा,वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। देश की जनता के देखा है कि हमारी केन्द्र सरकार ने इन 10 वर्षों में देश के सर्वांगीण विकास और जन-जन की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ गरीबों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी मिली है। 1 करोड़ 40 लाख युवाओं को रोजगार मूलक कार्यों की ट्रेनिंग दी गई है। इस अवधि में लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है इसी का परिणाम है कि इन वर्षों में भारतीयों की औसत



वास्तविक आय में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देवप्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता को जो गारंटी दी है उन्हें पूरा करने की दिशा में यह बजट ऐतिहासिक है। इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट देश के समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला और युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने वाला साबित होगा। राज्यों के विकास के लिए 75,000 करोड़ रुपये के ब्याज-मुक्त कर्ज का प्रावधान इस बजट में किया गया है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर के निर्देश पर निगम ने कंडम वाहनों को हटाया



**रायपुर 2 फरवरी।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सड़कों पर कंडम रखें वाहनों को नगर निगम ने जप्त कर हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नर को निर्देशित किया है कि यातायात पुलिस के साथ मिलकर सघन अभियान चलाएं एवं यातायात को बाधित कर रहें सड़कों पर खड़े ऐसे कंडम वाहनों को हटाने व जप्ती की कार्यवाही तत्काल शुरू करें। इस निर्देश के बाद नगर निगम के सभी जोन सक्रिय हो गए है और सड़क पर बाधा बन रहें ऐसे सभी कंडम वाहनों को चिन्हांकन की कार्यवाही शुरू कर दी है। जोन 6 कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल के नेतृत्व में जोन की टीम ने मठपुरैना, संजय नगर आदि क्षेत्रों से अबतक 25 कंडम वाहनों को जप्त भी किया है। नागरिकों से नगर निगम ने यह अपील की है कि अपने वाहन जो आवागमन में बाधक बनकर दुर्घटना का कारण बन रहे है, तत्काल सड़कों से हटा लें। नगर निगम द्वारा इन वाहनों की जप्ती की कार्यवाही तेज की जा रही है।

### ईमानदारी का परिचय देने वाले गायत्री स्कुल के बच्चों का किया गया सम्मान



**राजनांदगांव 2 फरवरी।** 31 जनवरी को गायत्री स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों को सोने एवं चांदी के जेवरात रास्ते में पड़ा मिला था, जिसे गायत्री स्कुल के आयुष साहू, यश वर्मा द्वारा थाना कोतवाली राजनांदगांव से टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना उप निरीक्षक बलदाऊ चंद्रकार, आरक्षक राम खिलावन सिन्हा, नरेन्द्र प्रजापति को सुपुर्द किया गया। बैंग के उपर महावीर ज्वेलर्स गुड़ाखु लाईन राजनांदगांव लिखा था, संबंधित ज्वेलर्स दुकान से संपर्क कर पूछताछ करने पर उक्त जेवर के मालिक ज्योति जैन पति राकेश जैन उम्र 40 वर्ष निवासी कंचनबाग राजनांदगांव द्वारा खरीदना बताया। जिस पर उक्त मालिक को बुलाकर सकुशल सौपा गया, आज दिनांक 01.02.2024 को थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू एवं टीम द्वारा गायत्री स्कुल पहुँचकर ईमानदारी का परिचय देने वाले दोनो बालकों को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया एवं अन्य सभी स्कुलो के बच्चों को ईमानदारी का परिचय देने हेतु प्रेरित किया गया। स्कुल के सभी बच्चों को सायबर संबंधी अपराध एवं यातायात नियमावली तथा गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी बताया गया। इस सम्मान समारोह में गायत्री स्कूल परिसर में सभी छात्र-छात्राएं शिक्षकगण ,प्राचार्य महोदया तथा स्कूल के चेयरमैन उपस्थित रहे।

### थाना डोंगरगाव पुलिस लगातार स्थायी वारंटीयों पर कर रही है कार्रवाई

**डोंगरगांव 2 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0



अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे न्यायालय से प्राप्त स्थायी वारंट आरोपी जो कि न्यायालय द्वारा जारी दिनांक से उपस्थित ना होने से बेवजह प्रकरण लंबित रहा , जिससे प्राप्त स्थायी वारंटी आरोपी की लगातार पता तलाश किया जा रहा था , दौरान पता तलाश के स्थायी वारंटी आरोपी राकेश कुमार पिता नारदराम ,उम्र- 27 साल पता ङ्क हारीडीह ,थाना डौंडी लोहारा, जिला बालोद, छ0ग0, को दिनांक 01.02.2024 गिर0 किया गया जिसे राजनांदगांव न्यायालय पेश किया गया है । उक्त गिर0मे डोंगरगांव पुलिस का कार्य सराहनीय रहा है ।

# पूर्व सांसद मधुसूदन यादव शामिल हुए भागवत कथा में, किया स्कूल का निरीक्षण भी

**छुरिया 2 फरवरी।** जिले के पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव अपने एक दिवसीय दौरे पर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भर्रीटोला (ब) और साल्हेटोला पहुंचे, श्री यादव अपने प्रवास में पहले छुरिया ब्लॉक के ग्राम भर्रीटोला (ब) में ललित सोनबोईर लोकेश सोनबोईर, दोनो भाईयो सहित पूरे सोनबोईर परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में पहुंचे, श्री यादव ने श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने आए श्रद्धालु जनो को संबोधित कर कथा सुनने श्रवण करने के क्या मायने है, जिसके बाद श्री यादव साल्हेटोला पहचे जहां ग्रामीणों द्वारा सेवानिवृत शिक्षक शेखर यादव का विदाई सम्मान समारोह रखा गया था, शिक्षक श्री शेखर यादव एक ऐसे शिक्षक है जिसने अपने पूरे सेवा काल में ग्रामीणों व छात्र छात्राओं का अपने सरल स्वभाव से सभी का हृदय पर अपना जगह बनाया है, पूर्व सांसद




श्री यादव ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्ति शेखर यादव जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गुरु शिष्य का महत्व बताते हुए श्री यादव के किए कार्य का प्रशंसा करते हुए शिक्षक श्री शेखर यादव जी को बच्चो के भविष्य को इसी तरह अपनी आगे भी सेवा देने निवेदन किया, भर्रीटोला प्रवास के दौरान रास्ते में ग्राम पैरीटोला में रुककर स्कूल का निरीक्षण भी किया जहां स्कूल स्टाफ व ग्रामीणों ने बाउंड्री वॉल टूट गिर जाने के समस्या से अवगत कराया, जिस पर श्री यादव ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देशित कर समस्या का जल्द निराकरण करने कहां, पूर्व सांसद श्री यादव के एक दिवसीय प्रवास में उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा, छुरिया मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, भाजपा मंत्री नैनसिंग पटेल, युवा नेता शिवा मिश्रा, पत्रकार मनभावन सिंह उईके, यूनुस झड़ोदिया जग्गू चंद्रवंशी, भगत ठाकुर सहित भाजपा मंडल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# घुमका पुलिस को ऑपरेशन मुस्कान अभियान में मिली लगातार तीसरी सफलता

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** थाना घुमका थाना घुमका क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम प्रार्थीया की 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के दिनांक 23-06-2023 को गुम होने के संबंध में प्रार्थीया के द्वारा दिनांक 24-06-2023 को थाना घुमका उपस्थित होकर नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के संबंध में सूचना देकर थाना घुमका में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अपराध क्रमांक 80/2023 धारा 363 भादवि0 पंजीबद्ध कराया था । थाना घुमका पुलिस के द्वारा विवेचना के दौरान अपहृत बालिका व आरोपी की पतासाजी लगातार की जा रही थी। प्रकरण नाबालिग बालिका से संबंधित होने के कारण प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिले में पुलिस विभाग द्वारा गुम बालक बालिकाओं के बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेश मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगाव श्री दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व मे थाना घुमका से पुलिस टीम के द्वारा अपहृता एवं आरोपी का लोकेशन प्राप्त




होने पर दिनांक 31.01.2024 को पुलिस टीम उंबरे थाना करकंब जिला सोलापुर महाराष्ट्र पहुंचकर आरोपी सुमित ढीमर पिता उत्तरा कुमार ढीमर उम्र 21 साल साकिन मंदिराकुही थाना खैरागढ जिला के0सी0जी0 के कब्जे से नाबालिग बालिका को बरामद कर आरोपी एवं नाबालिग बालिका को दिनांक 01-02-2024 को थाना घुमका लेकर आये । प्रकरण में नाबालिग बालिका के कथन में आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने के संबंध में तथ्य सामने आने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 366,376,376 (2)ठ्ठ भादवि0 4,6 पाक्सो एक्ट जोडकर आरोपी सुमित ढीमर को दिनांक 01.02.2024 को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक

# 8 फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 कार्यक्रम के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन शनिवार 6 जनवरी 2024 को किया गया। दावा एवं आपत्ति भरने की अवधि बुधवार 6 जनवरी से सोमवार 22 जनवरी 2024 तक थी। विशेष शिविर शनिवार 13 जनवरी एवं रविवार 14 जनवरी 2024 को आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि दावा एवं आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार 2 फरवरी 2024 को किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन के



लिए आयोग की स्वीकृति तथा डेटाबेस को अद्यतन और पूरकों की छपाई मंगलवार 6 फरवरी 2024 को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा। कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए प्रलोभन, भय, डराने या धमकाने के संबंध में जानकारी दे सकते हैं। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र का अवलोकन कर लें। सभी एसडीएम एवं थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर लें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के दौरान फार्म 6, 7 एवं 8 के संबंध में प्राप्त दावा आपत्तियों के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया फार्म 6, 7 एवं 8 में कुल 26 हजार 894 दावा आपत्ति फार्म प्राप्त हुए हैं। जिसमें फार्म 6 में 12 हजार 777, फार्म 7 में 10 हजार 179 एवं फार्म 8 में 3 हजार 938 दावा आपत्ति प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने कहा कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु उसी मतदान केन्द्र के एक मतदाता को अपने दल की ओर से बीएलए नियुक्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उच्चतर न्यायालय द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के संबंध में जारी निर्देशों के अनुरूप आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं अन्य अवसरों पर उपयोग कर सकेंगे। ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप केवल संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति से किए जा सकेंगे।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार के मामले में एक और गिरफ्तारी

हमारे देश में भ्रष्टाचार अनंत है, भ्रष्टाचार की कथा अनंत है। एक भ्रष्टाचार का मामला जाता है तो दूसरा भ्रष्टाचार सामने आता है। एक भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई अभी समाप्त नहीं हुई होती है, दूसरे भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई सामने आती है। देश में निरंतर भ्रष्टाचार होता रहता है, निरंतर कार्रवाई होती रहती है। यह कार्रवाई 2014 के पहले जितनी नहीं होती थी, 14 के बाद उतनी ही तेज हो गई है। 2014 के पहले सब मिलजुल कर भ्रष्टाचार करते थे। आपसी सहमति रहती थी कि तुम भी भ्रष्टाचार करो,हमे भी भ्रष्टाचार करने दो। तुम भी खाओं, हमें भी खाने दो, तब शान से नेता कहा करते थे कि हम तो खाते भी हैं और खिलाते भी हैं, सब एक ही थैली की चट्टे बट्टे थे इसलिए भ्रष्टाचार के खिलाफ मामला कोर्ट में जाने पर ही कार्रवाई होती थी। भ्रष्टाचार के मामले सजा तो बहुत ही कम लोगों को सजा मिलती थी। इसलिए देश में भ्रष्टाचार करते हुए कोई डरता नहीं था। सब जानते थे कि सजा भी नहीं होगी और कई पीढ़ियों के लिए संपत्ति भी बन जाएगी। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार तो परिवार व पार्टी के लिए ही किया जाता है। वर्तमान दौर में कहा जा सकता है कि परिवार ही पार्टी है और पार्टी ही परिवार है। पार्टी के लिए परिवार अनिवार्य है और परिवार के लिए पार्टी अनिवार्य है। दोनों हैं तो भ्रष्टाचार भी अनिवार्य है। हमारे देश में 100 में 98 पार्टी किसी ने किसी परिवार की हैं। भाजपा व वामपंथी दल ही ऐसे हैं जहां पार्टी किसी परिवार की नहीं है। सारे परिवारवादी दल जानते हैं कि परिवार चलाने के लिए जिस तरह पैसा लगता है, उसी तरह पार्टी चलाने के लिए भी पैसा लगता है। बहुत पैसा लगता है। बहुत पैसा पार्टी के नेता अपनी जेब से दे नहीं सकते इसलि सत्ता मिलते ही सारे परिवारवादी दल खूब भ्रष्टाचार करते हैं। जब तक सत्ता में रहते हैं तो वह सोचते हैं कि उनका भ्रष्टाचार कोई पकजड नहीं सकता। जैसे ही वह दल सत्ता से बाहर होता है तो उसके सारे भ्रष्टाचार सामने आने लगते हैं। वर्तमान में यही हो रहा है। जिल लोगों ने पार्टी व परिवार के लिए भ्रष्टाचार किया है वह अब सामने आ रहा है तो बड़ी परेशानी हो रही है। भ्रष्टाचार करते वक्त परिवार के लोगों ने व नेताओं ने नहीं सोचा था कि एक दिन जब भ्रष्टाचार सामने आएगा तो कितनी परेशानी होगी, जब बेशुमार पैसा आता है तो परिवार को अच्छा लगता है। जब पूछा जाता है कि परिवार के पास बेशुमार पैसा कहां से आया, बताइए तो बताने में परेशानी होती है। ईडी की पूछताछ से नेता बचना चाहते हैं। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने यही किया लेकिन ईडी के शिकंजे से कोई बच नहीं सकता। हेंमंत सोरेने भी नहीं बच सके, सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा। लालू परिवार, केजरीवाल का नंबर लगा हुआ है। इंडी गठबंधन मे वामदलों को छोड़कर सभी बड़े दल के नेता ईडी के राडार पर हैं तो वह अपने भ्रष्टाचार के कारण हैं। वह भ्रष्टाचार भी करेंगे और चाहते हैं कि कोई कार्रवाई भी न हो। कोई पूछताछ तक न हो। गिरफ्तारी तो बिलकुल न हो, गिरफ्चारी हो तो जमानत मिल जाए और संपत्ति जब्त न हो। पहले ऐसा होता था तब नेता बड़े सुखी थे अब ऐसा नहीं होता है, इसलि नेता बड़े दुखी हैं। कोर्ट से भी भरोसा उठ गया है, क्योंकि वह कोर्ट से रियायत मांगने जाते हैं तो कोर्ट रियायत देने से मना कर देता है। कोर्ट साफ कह देता है कि आप ने जो किया गलत किया है। अब गलत किया है तो उसकी सजा भी भुगतो। देश में सत्ता मिलने पर खूब भ्रष्टाचार करने वाले सबसे ज्यादा परेशान हैं। वह सोचते हैं कि वह सत्ता में हैं तो उनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। वह जो कहते हैं, वही ठीक है, उसे ही सच माना जाना चाहिए। ईडी उसे सच नहीं मानती है, ऐसे सबूत ढूंढ कर लाती है कि सब भ्रष्टाचार करने वाले नेता झूठे साबित होते हैं। उनकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि पीएम मोदी देश के सबसे ईमानदार नेता है, वह दो दशक से सत्ता में लेकिन उन पर व्यक्तिगत भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। कोई लगा ही नहीं सका है क्योंकि उनको संपत्ति को मोह नहीं है। पार्टी चलाने के लिए पैसा उनके कुछ किया बिना ही जायज तरीके से आ जाता है। वह पार्टी को जिताकर सत्ता में लाते हैं और पार्टी को चलाने के लि पैसा सत्ता में रहने पर जायज तरीसे से ही मिल जाता है। कभी कांग्रेस इस स्थिति में थी, तब उसे भी पैसों की कोई कमी नहीं होती थी। जब पार्टी निरंतर सत्ता में नहीं रहती है तो पार्टी को परेशानी होती है। गलत काम भी करने पड़ते हैं, उसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है।

# परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं

**विश्लेषण**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**ऐसे कठिन दौर में, आज छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत जरूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा सिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा घरेलू बर्ताव करना है।**



वैसे तो इस दौर में पूरी युवा पीढ़ी ही भयावह मानसिक व्याधि से विचलित है, इनमें विशेषत~ छात्र विचलन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। हमारे देश में प्रति 100 में 15 से अधिक छात्र आत्महत्या से प्रभावित हो रहे हैं। वे अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है, उससे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों, बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों के सपनों की उड़ान न भर पाने वाले, परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को घर पर पिटना पड़ता है। परीक्षा और नतीजों के दबाव में छात्रों की आत्महत्याएं अब आम घटनाएं बनती जा रही हैं। छात्र आत्महत्याओं में बेतहाशा वृद्धि के पीछे मानसिक तनाव सबसे आम कारक बन चुका है। तनावग्रस्त छात्रों की आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। जैसे-जैसे परीक्षा के दिन निकट आते हैं, छात्रों का तनाव हद से गुजरने लगता है। पूरी युवा पीढ़ी का परीक्षा के दिनों में ऐसे हालात से दो-चार होना देश और समाज, अभिभावकों और शिक्षाविदों, सभी के लिए अब गंभीर चिंता का विषय हो चला है। शिक्षा क्षेत्र में दशकों से व्याप्त कई बुनियादी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों पर अभी तक पार पाने में कतई कामयाब नहीं हो पा रहा है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को अनिवार्य कर दिए जाने के बाद से भारतीय छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन करने के लिए भारी तनाव का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दबाव को संभालने, माता-पिता की अपेक्षाओं को पूरा करने और आकांक्षाओं को प्राप्त करने में असमर्थता मनोवैज्ञानिक संकट और बाद में अवसाद का कारण बन सकती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अकादमिक उत्कृष्टता की निरंतर खोज ने अनजाने में छात्रों के बीच तीव्र दबाव और प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा कर दिया है। शैक्षणिक उपलब्धियों पर अत्यधिक ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक अपेक्षाओं और असफलता के डर ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने चिंता, अवसाद और तनाव जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों में वृद्धि में योगदान दिया है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कई बार छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन करने का लगातार दबाव रहता है। वे अपनी तुलना दूसरों से करते हैं और आक्रामकतापूर्वक पूर्णता के लिए प्रयास करते हैं। यह अंतर्निहित दबाव मानसिक परेशानी के विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जिसमें चिंता, विफलता का डर और कम आत्मसम्मान शामिल है। गंभीर मामलों में, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आत्म-नुकसान का कारण बन सकती हैं, और यहां तक कि आत्महत्या के प्रयासों के विचार को भी जन्म दे सकती हैं।

प्रतियोगी पाठ्यक्रम के भारी भरकम बोझ से बच्चों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। इससे बच्चों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। बच्चों के जीवन में तनाव के पौध की बड़ी वजह यह भी है कि लंबे समय तक स्कूल के घंटों के बाद बच्चे घर लौटते ही होमवर्क निपटाने में जुट जाते हैं। इसके बाद ट्यूशन के लिए दौड़ पड़ते हैं। खाना-पीना, सोना, खेलकूद, सब हराम हो जाता है। आराम करने और अन्य पाठ्येतर गतिविधियां करने का उन्हें समय ही नहीं मिलता है। ऐसे में छात्रों के लिए कम नींद और अवसाद की स्थिति या गंभीर तनाव का सबब बनी रहती है। वर्तमान प्रतियोगी दौर में छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना इस अवसाद के पीछे महत्वपूर्ण कारक हैं। भारत में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। हर शिक्षक, हर रिश्तेदार कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्कूल से स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है, या जहां उसकी रुचियां हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ बहुत कम की जाती है। इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि ÷आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में। शैक्षिक संस्थानों से समर्थन की कमी के चलते बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने के लिए सुसज्जित नहीं है और मार्गदर्शन और परामर्श के लिए केंद्रों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है।

ऐसे कठिन दौर में, आज छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत जरूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा सिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा घरेलू बर्ताव करना है। छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की बढ़ती व्यापकता से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें व्यक्ति, संस्थान और समग्र रूप से समाज शामिल हो। सफलता को फिर से परिभाषित करना और छात्रों को अपने जुनून और रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। केवल शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित सफलता की संकीर्ण परिभाषा से आगे बढ़ने से छात्रों को अपनी अद्वितीय प्रतिभा का पता लगाने और अपने चुने हुए रास्ते में पूर्णता पाने का मौका मिलता है। आत्महत्या के जोखिम कारकों को कम करने के लिए शिक्षकों को द्वारपाल के रूप में प्रशिक्षित करना और परीक्षा के नवीन तरीकों को अपनाया जाना चाहिए। छात्रों की सराहना करने की आवश्यकता है और यह बदलना महत्वपूर्ण है कि भारतीय समाज शिक्षा को कैसे देखता है। यह प्रयासों का उत्सव होना चाहिए न कि अंकों का। छात्रों की चिंताओं, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को दूर करने के लिए सभी स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग केंद्रों में प्रभावी परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। बढ़ते संकट को दूर करने के लिए अतीत की विफलताओं से सीखना और छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, संस्थानों और नीति निर्माताओं सभी हितधारकों को शामिल करने वाले तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घर को ख़ुशी होगी। आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ फिट रहने वाला है।

वृष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से प्रसन्नता होगी। आज बाहर के खाने को जहां तक हो सके अवॉयड करें। दोस्तों के साथ आज मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं। बुजुर्गों को अपनी सेहत में बदलाव नजर आएंगे आज आपको बेहतर महसूस होगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की वृद्धि होगी। कारोबार में आज सेल में बढ़ोतरी होगी जिससे अच्छी खासी इनकम होगी। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त-दुरुस्त रहेगा। मानसिक रूप से फिट रहेंगे। लवमेट अपनी गलतियों को समझकर रिश्ते को एक मौका देंगे।

कर्क राशि-आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आपकी उलझने कम होंगी। आज आपको किसी रिश्तेदार को दिए धन की प्राप्ति होगी। साथ ही अधूरी कार्य योजनाओं को पूरा करेंगे। आज बड़ों का आशीर्वाद आपको मिलेगा। जीवन की नकारात्मकता दूर होगी।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आप जहाँ चाहते हैं ट्रान्सफर वहीँ होगा। आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। इस राशि के लवमेट की गलतफहमियां ख़त्म होंगी। स्वास्थ के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नवीन स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोड़ा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। आज बड़ों की सलाह मिलेगी साथ ही आपका अच्छा संपर्क जुड़ेगा। हर कदम पर दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। कोई प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज कोई काम आपको सोंच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में संतोष की वृद्धि होगी। यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो यात्रा सफल रहेगी। इस राशि के विद्यार्थी आज अपनी पढ़ाई में लापरवाही न करें। वाहन लेने का विचार कर रहे लोगों को इंतजार करना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोंची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। आज परिवार का कोई संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। भाई व बहनों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा और मां की किसी इच्छा की पूरी होने से आप खुश रहेंगे। किसी बड़ी कंपनी के साथ आपकी डील फिक्स होने की सम्भावना है। अपने दांपत्य जीवन में आपको सुख की अनुभूति होगी।

धनु राशि-आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुडी खबर मिल सकती है। ऑफिस में अपना रिकॉर्ड अच्छा बनाये रखें। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर्स की अटकी कोई डील फाइनल होगी।

मकर राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। पढ़ाई में दोस्तों की सहायता मिलेगी। उनसे घनिष्ठता बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ बेहतर बना रहेगा। महिलायें आज अपने कार्यों को समय रहते पूरा कर लेंगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके सोचे हुए कार्य एक-एक करके पूरे होते जायेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा, आय में बढ़ोतरी होगी। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। लवमेट की काफी समय बाद कॉल पर बात होगी। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अपनी पसंद का कोई सामान आज आप ऑनलाइन आर्डर कर सकते हैं।

मीन राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौकीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियां आएंगी। सरकारी विभाग के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है। जल्द कोई अच्छी खबर मिलेगी।

## व्यंग्य

# मैं हूँ बड़ा फेंकू

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



मैं बड़ा कामचोर इंसान हूँ लेकिन उपदेश देने में किसी से कम नहीं हूँ। इसलिए मैं इस विकासशील देश का सबसे जुझारू और फिट बैठने वाला नागरिक हूँ। अब आपसे क्या छुपाना, खुद मुझसे मेहनत होती नहीं, यदि होती तो भी मैं करता नहीं। कारण ये हैं कि खुद काम करने की ना मेरी आदत है और ना ही संस्कार, लेकिन फेंकू पसंद हूं तो हूं। आदत और पसंद में थोड़ा टकराव जरूर है पर उम्मीद है आप इसे माइंड नहीं करेंगे। रिक्वेस्ट के बावजूद माइंड करो तो करो, मुझ पर कोई असर होने वाला नहीं है। मेरा काम फेंकना है वो मैं करता रहूंगा।

इधर-उधर बकौती से ज्यादा काम करने वाले मिल जाते हैं। काम करना उनकी मजबूरी है, मैं उनका मखौल उड़ाता हूं। उनके काम का। इसलिए मेरे मन में उनके काम के प्रति कोई आभार-वाभार नहीं है, पर मुझे फेंकना पसंद है। साफ कपड़े पहनना मेरी प्रथमिकता है, अक्सर झक्क सफेद कपड़े पहनता हूं। कपड़े धोबी धोता है, जाहिर है उसके काम को लेकर मेरे मन में कोई आदर भाव नहीं होता है, उसका काम है भई, काम के मैं पूरे पैसे जो देता हूं। मेरा महत्वपूर्ण योगदान यह है कि मैं सफाई पसंद हूं। मेरे वाहन को धोने के लिए रोज एक आदमी आता है, एक माली है जो बागीचा साफ करता है। टायलेट मुझे एकदम साफ और चमकीला चाहिए। एक व्यक्ति बरसों से, बल्कि यों कहना चाहिए कि पीढ़ियों से हमारे यहां यह काम करता आ रहा है। मैं उसे कुछ पैसों के अलावा फटे-पुराने कपड़े भी देता हूं। आप पूछेंगे किसलिए, तो साफ है कि मैं फेंकने वाला इंसान है। वह क्या है न हमारे देश में चकाचक सफेद खादी वाली कुर्ता पहनकर जितना फेंको लपेटने वाले हमेशा तैयार रहते हैं। यहाँ लोग आदमी की बात उसकी औकात से सुनते हैं। हमारे यहाँ औकात शिक्षा से ज्यादा कपड़ों और जूतों में बसता है। विश्वास न हो तो संसद ही झांककर देख लो। आपकी जानकारी के लिए बताउं, मैं रोज सुबह-सुबह स्नान कर लेता हूं और इसमें किसी की धेला-भर सहायता नहीं लेता हूं सिवा इसके कि कोई पानी गरम कर दे, तौलिया और चड्डी बाथरूम में लटका दे, साबुन-कंघा-तेल रख दे, हर रविवार शैंपू का पाउच काट कर सामने रख दे और रिमाइंड करा दे कि शैंपू रखा है। बस। इसके अलावा कुछ नहीं। घर वाले ये काम बिना पैसा लिए, बिना किसी दबाव के खुद ही कर देते हैं। रिश्ता-नाता कहाँ जाएगा। वे बहुत सारे काम, यानी घर के करीब करीब सारे ही काम करते हैं। मेहनत से खाना बनाते हैं, मेहनत से परोसते हैं। अगर मैं लंबी-लंबी फेंकनेवाला पसंद नहीं होता तो वे क्यों करते ये सब। उन्हें पागल कुत्ते ने तो काटा नहीं, न शास्त्रों में कहीं लिखा है और ना ही पुरखों ने कह कर भेजा है कि जा अपने खानदान-ए-चिराग को रोज नहाने-खाने के लिए प्रेरित कर। मैं खुद देश का मेहनत पसंद नागरिक हूं और अपनी आत्मप्रेरणा से रोज लंबी-लंबी फेंकता हूं। बीच-बीच में कभी नागा होता भी है तो उसका कारण सरकार का मौन यज्ञ अभियान होता है। अच्छे नागरिक का कर्तव्य है कि वो सरकार की हर योजना का यथाशक्ति समर्थन करे। अब आइये घर के बाहर का भी कुछ बताते चलें आपको, वरना कहोगे कि अधूरी जानकारी दी। घर से निकलते ही पेड़ के नीचे बैठे परंपरागत पादुका-सेवक से मैं अपने जूते पालिश करवाता हूं। इतने चमकवाता हूं कि कोई चाहे तो उसमें देख कर कंघी कर ले। दफ्तर में पहुंचता हूं और सबसे पहले देखता हूं कि चपरासी ने सफाई ठीक से की है या नहीं। एक बात बता दूं कि हमारा चपरासी सफाई तो बढ़िया ही करता है। लेकिन मैं खनदानी सफाई पसंद हूं, इसलिए मेरी नजर वहीं पड़ती है जहां जरा सी भी सफाई छूट गई हो। ऐसे में एक क्लासिक हंगामा तो बनता ही है। दफ्तर को सिर पर उठा लेता हूं, खूब चिल्ला लेता हूं। इससे मेरा एक्सरसाइज का कोटा पूरा हो जाता है। साथ ही लोगों में मेरी यह धाक भी जम जाती है कि साहब बड़े मेहनत पसंद हैं। मेरा ख्याल है कि आप प्रभावित हो चुके होंगे मुझसे।

## बालों के लिए खतरनाक हो सकता है ये हीट स्टाइलिंग टूल

आजकल बालों को स्टाइल करने और नए-नए हेयर डिज़ाइन बनवाने का ट्रेंड बहुत कॉमन हो गया है. लोग अपने बालों को स्ट्रेट, कर्ली, वेवी, स्मूथ आदि अलग-अलग तरह के लुक देना पसंद करते हैं. इसके लिए वे हीट स्टाइलिंग टूल्स जैसे - हेयर स्ट्रेटनर, कर्लिंग आयरन, हेयर ड्रायर आदि का इस्तेमाल करते हैं. इन उपकरणों से बालों को आकर्षक शेप देना बहुत आसान हो गया है. इससे बालों को अलग-अलग शेप देकर डिजाइन बनाई जाती है. लेकिन हीट स्टाइलिंग टूल्स बालों के लिए काफी नुकसानदायक होता है. आइए जानते हैं यह कैसे बालों को नुकासन पहुंचा रहा है. बालों में प्राकृतिक रूप से नमी मौजूद होती है जो उनका पोषण करती है और उन्हें स्वस्थ रखती है. लेकिन जब हम हीट स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करते हैं, तो उनसे निकलने वाली अत्यधिक गर्मी, बालों से इस प्राकृतिक नमी को सोख लेती है. बालों का अंदरूनी हिस्सा नमी के अभाव में सूखने लगता है. इससे बाल कमजोर होने लगते हैं और आसानी से टूटने व झड़ने लगते हैं. बालों से नमी निकलने से वे बेजान हो उठते हैं और उनकी चमक भी कम हो जाती है. इससे बाल रूखे, बेजान और टूटने लगते हैं.

## गंभीर मुद्दा

# नन्हे बच्चों को कुपोषण तथा भुखमरी से बचाने के हमारे प्रयास कितने सार्थक

**संजीव ठाकुर**





बच्चे देश के भविष्य होते हैद्य यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगाद्य भारत में बच्चों के भुखमरी तथा कुपोषण एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं यह देश की एक प्रमुख समस्या भी हैद्य देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हैद्य सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50त्न बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैंद्य देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता हैद्य देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका हैद्य ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता हैद्य मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू हैद्य सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैंद्य इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश हैद्य विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई हैद्य सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैंद्य जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगाद्य पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3¬30 लाख बच्चे कुपोषित हैंद्य महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई हैद्य कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34त्न कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता हैद्य 21त्न बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता हैद्य

ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगीद्य वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे हैद्य इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है,दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे,तमिलनाडु में 1,80लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है। वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा ,अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।

# बिना शासकीय आदेश और योग्यता के लेखपाल को बना दिया सीएमओ

## कोंटा नगर पंचायत के पूर्व लेखापाल ने फर्जी ढंग से पाई सीएमओ पद पर पदोन्नति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 2 फरवरी।** बस्तर संभाग के सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड फर्जीवाड़ा एवं कागजों पर विकास कार्य कराने, निर्माण कार्यों में अफसरों की कमीशनखोरी के लिए हमेशा सुर्खियों में रहता आया है। हद तो तब हो गई, जब एक लेखपाल को शासन के नियमों और प्रावधानों के विपरीत जाकर सीधे नगर पंचायत का सीएमओ बना दिया गया। नियम विरुद्ध पदोन्नति का यह मामला मामला कोंटा नगर पंचायत का है। नगर पंचायत में पूर्व में पदस्थ रहे लेखापाल नत्थूराम सोरी को बिना किसी योग्यता और शासकीय आदेश के सीधे नगर पंचायत का सीएमओ बना दिया गया। सुकमा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कराई गई जांच में इस गफलतबाजी का खुलासा हुआ है। जिला पंचायत सुकमा के सीईओ द्वारा गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट में पाया गया है कि कोंटा नगर पंचायत के पूर्व लेखापाल को गलत तरीके से पदोन्नत कर कोंटा नगर पंचायत का ही सीएमओ बना दिया गया था। सोरी वर्तमान में दंतेवाड़ा जिले की बचेली नगर पंचायत में सीएमओ के पद पर पदस्थ हैं। अग्रिम कार्रवाई की अनुशंसा के साथ जांच रिपोर्ट बस्तर कमिश्नर को भेजी गई है। इसकी प्रतिलिपि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक को भी भेजी गई है। ज्ञात हो कि कोंटा नगर पंचायत में पूर्व में पदस्थ रहे लेखपाल व सीएमओ श्री सोरी की पदोन्नति को लेकर भाजपा नेता लगातार आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की करते आ रहे हैं। अब सत्ता परिवर्तन के बाद मामले का जिन्न बोतल से फिर बाहर आ गया है। बिना योग्यता, अर्हता और शासकीय आदेश के सन 2018-19 में पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल के दौरान कोंटा नगर पंचायत के लेखापाल नत्थूराम सोरी को पदोन्नत कर कोंटा नगर पंचायत का ही सीएमओ बना दिया गया था। इस नगर पंचायत में कई वर्षों तक पदस्थ रहने के बाद सन 2022 में नत्थूलाल सोरी का तबादला सुकमा नगर पंचायत में किया गया था। सुकमा नगर पंचायत में कुछ माह तक रहने के बाद वहां से उनका तबादला दंतेवाड़ा जिले की बचेली नगर पंचायत में कर दिया गया। वे वर्तमान में नगर पंचायत बचेली में सीएमओ के पद पर कार्यरत हैं।

### जांच में उजागर हुआ फर्जीवाड़ा

कोंटा के नेताओं ने नगर पंचायत कोंटा के लेखपाल को सीएमओ पद पर पदोन्नत किए जाने को लेकर सुकमा के कलेक्टर एवं संयुक्त संचालक नगरीय निकाय को शिकायत पत्र भेजा था। सुकमा कलेक्टर के आदेशानुसार मामले की जांच कराई गई थी। जिला पंचायत सुकमा के लेखा अधिकारी प्रशांत प्रधान, समन्वयक शिकायत निवारण मनरेगा शाखा ओंकार साहू एसं अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर से जांच रिपोर्ट अधिकारी को एक माह पूर्व ही सौपी जा चुकी है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि लेखापाल को गलत तरीके से सीएमओ के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के लिए छग शासन की ओर से कोई आदेशा जारी ही नहीं किया गया है। पदोन्नति नियम विरूद्ध की गई है।

### नियुक्ति से पदोन्नति तक घालमेल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 24 फरवरी 2012 -13 को हुई जिला चयन समिति की बैठक में की गई अनुशंसा पर 7 मार्च 2013 -14 नगर पंचायत कोंटा के अध्यक्ष के प्रस्ताव क्रमांक 3 में पारित आदेशानुसार नत्थूलाल सोरी को लेखापाल पद पर दो वर्ष की परीविक्षाधीन अवधि के लिए नियुक्त किया गया था। कुछ वर्ष बाद ही वे अफसरों एवं नेताओं से सांठगांठ कर और अच्छा खासा चढ़ावा देकर खुद को फर्जी ढंग से पदोन्नत कराने में कामयाब हो गए। इसके बाद श्री सोरी कई वर्षों तक कोंटा नगर पंचायत में सीएमओ के पद पर पदस्थ रहे। इस दौरान उन्होंने बड़े ही गोपनीय तरीके से टेंडर निकाल कर अपने चहेते ठेकेदारों को लाखों- करोड़ों के कार्य आवंटित करने में और कमीशन के खेल में लगे रहे। हाल ही में 2 करोड़ की टेंडर प्रक्रिया को निरस्त करते हुए दुबारा टेंडर बुलाने का निर्देश सुकमा कलेक्टर द्वारा जारी किया जा गया है।

### कार्रवाई के लिए कमिश्नर को पत्र

गलत तरीके से पदोन्नति का खुलासा जांच में होने के बाद सुकमा कलेक्टर ने आगे की कार्रवाई के लिए बस्तर संभाग के कमिश्नर को पत्र भेजा है। अनुशंसा पत्र की प्रतिलिपि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक को भी भेजी जाने की खबर है। नत्थूलाल सोरी वर्तमान में बचेली नगर निगम में सीएमओ के पद पर पदस्थ हैं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय की बड़ी घोषणा

**सुकमा 2 फरवरी।** सुकमा में हुए नक्सली हमले में शहीद जवानों के परिजनों के लिए की घोषणा, शहीद जवानों के परिजनों को दी जाएगी 10-10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता, केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली राशि के अतिरिक्त 10-10 लाख रुपए की मिलेगी सहायता राशि, सुकमा नक्सली मुठभेड़ में 3 जवान हुए थे शहीद।

### सर्व अनुसूचित जाति वर्ग की बैठक 3 फरवरी को

**जगदलपुर 2 फरवरी।** सर्व अनुसूचित जाति वर्ग बस्तर संभाग मंच एक विचार के तत्वाधान में एकता एवं भाईचारा एवं मजबूत संगठन स्थापित के उद्देश्य को लेकर अनुसूचित जाति वर्ग की हक अधिकार एवं जनसंख्या के आधार पर आरक्षण की मांग ,व माहरा समाज बस्तर संभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा लंबे समय के आंदोलन के बाद केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल की गई है उन सभी आंदोलनकारी के साथ भाईचारा सम्मेलन तथा बस्तर संभाग के 7 जिले में पी मैट्रिक ,मैट्रिक छात्रावास की मांग तथा सामाजिक राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, आर्थिक विकास एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ब्लॉक एवं जिला पंचायत में 7 जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सीट आरक्षित करने की मांग लेकर यह पहला बैठक दिनांक 3/2 /2024 दिन शनिवार समय 12:00 बजे स्थान शौडिंग भवन धरमपुरा 1 जगदलपुर में बैठक आयोजित की गई है इस बैठक में सर्व अनुसूचित जाति वर्ग बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त समाज प्रमुख एवं पदाधिकारी एवं क्रांतिकारी साथियों व सामाजिक चिंतक एवं बुद्धिजीवी साथियों से अपील की गई कि इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिक से अधिक संख्या में आकर एकता एवं भाईचारा का परिचय देंवे। उक्त जानकारी मीडिया के माध्यम से धंसराज टंडन के द्वारा दी गई।

### महापौस ने राशन कार्ड नवीनीकरण में आ रही दिक्कत दूर करने कलेक्टर से की चर्चा

**रायपुर 2 फरवरी।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्य सर्वश्री ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, समीर अख्तर, सुन्दरलाल जोगी, सुरेश चन्नावार, जितेन्द्र अग्रवाल, जोन 8 जोन अध्यक्ष श्री घनश्याम छत्री, पार्षद श्री अनवर हुसैन, श्री अमितेष भारद्वाज, श्री धनेश बंजारे राजा, पार्षद प्रतिनिधि श्री राधेश्याम विभार, श्री देवेन्द्र यादव, श्री नीलकंठ जगत एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित रायपुर जिला कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह से चर्चा कर उन्हें वर्तमान में शासन के आदेशानुसार जारी राशन कार्ड नवीनीकरण अभियान में सर्वर डाउन की आ रही तकनीकी समस्या से हो रही जनअसुविधा को ओर ध्यान आकृष्ट करवाया। महापौर श्री एजाज ढेबर सहित एमआईसी सदस्यों, पार्षदगणों ने रायपुर जिला कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह से नगर पालिक निगम रायपुर के वार्डों में शिविर लगाकर नागरिकों के राशन कार्ड का नवीनीकरण करवाने की सुविधा देने का अनुरोध किया है। महापौर ने जिला कलेक्टर से राशन कार्ड नवीनीकरण की प्रक्रियाओं की सरल जानकारी जनसुविधा की दृष्टि से देने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन में शीघ्र सभी 70 वार्ड पार्षदगणों की बैठक बुलवाने का जनहित में अनुरोध किया है। महापौर श्री एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्यों, पार्षदगणों सहित रायपुर जिला कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह से रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्रों के नियमितीकरण करवाने प्राप्त किये गये लगभग 5000 से अधिक आवेदनों का शीघ्र नियमितीकरण करवाकर सभी प्राप्त किये गये आवेदनों का नियमानुसार जनहित में निदान करवाने का अनुरोध किया है।

### दीवार पर आकर्षक पेंटिंग पर लगाए पोस्टर,नगर निगम ने की कार्रवाई

**रायपुर 2 फरवरी।** नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा स्वयं सेवी संगठनों के सहयोग से शहर की दीवारों में बनाई गई आकर्षक पेंटिंग के ऊपर पोस्टर चिपका कर विरूपित करने वाले डिज्नीलैंड फन फेयर व दुल्हे राजा फिल्म के निर्माता पर कार्यवाही की गई है। नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत फन फेयर व दुल्हे राजा फिल्म के निर्माता पर जुर्माना लगाया है, साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि विरूपण के लिए पुनः दोषी पाए जाने पर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। भाटागांव ओव्हर ब्रिज के नीचे स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर आकर्षक पेंटिंग बनाई थी उसे फन फेयर और फिल्मी पोस्टर से निरूपित किए जाने की शिकायत कमिश्नर श्री मिश्रा तक पहुंची थी। श्री मिश्रा ने इसे गंभीरता से लेते हुए जोन 08 और 04 को तत्काल कार्यवाही का निर्देश दिया था। संयुक्त कार्यवाही करते हुए दोनों जोन द्वारा डिज्नीलैंड फन फेयर पर 12 हजार 5 सौ रुपए का अर्थदंड लगाया गया है, जो उसने आज जमा किया।

# एनएमडीसी ने जनवरी '24 तक किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**हैदराबाद, 2 फरवरी।** नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने जनवरी, 2024 में 4.54 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन किया तथा 4.56 मिलियन टन की बिक्री की । जनवरी, 2023 की तुलना में उत्पादन में 8त्न तथा बिक्री में 19त्न की वृद्धि करते हुए एनएमडीसी ने अपनी स्थापना से लेकर अबतक जनवरी माह की सर्वश्रेष्ठ बिक्री दर्ज की है । इस वित्तवर्ष में ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर बढ़ते हुए एनएमडीसी ने जनवरी 2024 तक संचयी रूप से 36.32 मिलियन टन उत्पादन एवं 36.49 मिलियन टन बिक्री की है । विगत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में संचयी उत्पादन 17त्न अधिक है, जबकि बिक्री के संचयी आंकड़ों में 23त्न की वृद्धि हुई है । यह आँकड़े कंपनी के इतिहास में दस माह की अवधि के सर्वाधिक उत्पादन एवं बिक्री को दर्शाते हैं । शानदार प्रगति पर अपनी टीम को बधाई देते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि ÷भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक तथा घरेलू बाजार में उत्पादन का छठवाँ हिस्सा रखने वाले एनएमडीसी की निरंतर प्रगति, लौह तथा इस्पात क्षेत्र में आ रही तेजी को दर्शाते हैं । आगामी वित्तवर्ष के आर्थिक बजट में आधारभूत सुविधाओं के विकास में बल दिया गया है और हम अपने उत्पादन तथा निकासी की आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने में बड़ा निवेश कर रहें हैं तथा साथ ही स्वयं को तकनीकी एवं डिजिटल रूप से भी मजबूत बना रहे हैं । एनएमडीसी ने अपने लक्ष्यों को लौह अयस्क की बढ़ती हुई मांग के अनुरूप ढाला है और वह वित्तवर्ष 2024 में उत्पादन के निर्धारित लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

### बड़े बकायेदारो की 7 संस्थाओं को बकाया अदा न करने पर निगम कर रहा है सील

**रायपुर 2 फरवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम के सभी जोन कमिश्नरों, राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों को नगर निगम रायपुर के सभी जोनो के सभी वार्डो में समस्त बडे बकायेदारो से नियमानुकुल कडाई के साथ बकाया राजस्व वसूली अभियान पूर्वक नगर पालिक निगम रायपुर के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतरता से सुनिश्चित करने एवं बड़े बकायेदारो के संस्थानों में बकाया न देने की स्थिति में संबंधितों पर सीलबंदी, कुर्की की कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनो के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों, राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली हेतु प्रतिदिन निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। आज दिन भर में नगर निगम राजस्व विभाग की जोनो की टीमो ने बडे बकायेदारो की संबंधित 7 संस्थाओ को निगम को बकाया राशि अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्यवाही कडाई के साथ की गई। कार्यवाही के दौरान बकायादारो द्वारा निगम को स्थल पर ही 462876 रू. का तत्काल भुगतान कर दिया गया ।

# 12 सदस्यीय प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का दल कलेक्टर से मिला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 2 फरवरी।** एल.बी.एस.एन.ए.ए. मसूरी से आए 12 प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के दल आज जिले के कांकेर विकासखण्ड के ग्राम व्यासकोंगेरा में समुदाय केंद्रित विकास योजना से रूबरू हुआ। इसके तहत उन्होंने सामुदायिक भागीदारी, पंचायती राज प्रतिनिधियों तथा विभागीय अमलों के समन्वय से तैयार किए जाने वाले प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (हत्रक्रू) योजना के संबंध में विस्तार से जाना। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने चारामा के जनपद पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह से सौजन्य भेंट की, जहां पर कलेक्टर ने जिले में चल रही प्रशासनिक गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में उन्हें संक्षिप्त जानकारी दी। साथ ही प्रवास के दौरान उनके अनुभव के बारे में भी पूछा। इस अवसर पर प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

ज्ञात हो कि प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन नामक एनजीओ की कार्यप्रणाली तथा विकास में उनके योगदान को समझने के लिए संस्था का चयन किया गया है। संस्था के प्रतिनिधि ने ग्रामों में तैयार किए जा रहे प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बहुआयामी गरीबी से मुक्ति हेतु समाज, सरकार, बाजार की प्रभावी भूमिका, गांवों में जल, जंगल, जमीन के संरक्षण हेतु ग्राम संगठन, क्लस्टर संगठन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही ग्राम व्यासकोंगेरा के ग्रामीणों से भेंट कर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षु अधिकारियों को अवगत कराया।

## समाचार संक्षेप

### नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला सलाहकार समिति के दो और युवा नेता बने सदस्य



**दंतेवाड़ा 2 फरवरी।** केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन (ने. यु. के.सं.) से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में दंतेवाड़ा भारतीय जनता युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अविनाश मिश्रा एवं नन्दलाल यादव को नामित किया गया है।DACYP के एक नामांकित सदस्य के रूप में श्री अविनाश एवं श्री नन्दलाल यादव दंतेवाड़ा जिले में युवा विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर मार्गदर्शन, सलाह और नए दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे 7 देर शाम अधिकृत पत्र के माध्यम से दोनों सदस्यों को जानकारी मिली एक दिवस पूर्व कृष्णकांत शिवहरे एवं शम्भू यादव को भी पत्र के माध्यम से नियुक्ति की सुचना मिली थी अब दंतेवाड़ा में कुल 4 सदस्यों को जवाबदारी मिली है 7 अविनाश मिश्रा ने बताया की युवा लोगों के जीवन में सार्थक योगदान देने और समुदाय में युवा कार्यक्रमों के भविष्य को आकार देने का एक अनूठा अवसर प्रदान हुआ है। अधिक से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवी कार्यक्रमों और अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने तथा नये अवसर प्रदान करने हेतु प्रयासरत रहूँगा,इस हेतु में भारत सरकार तथा केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को धन्यवाद् ज्ञापित करता हु। इसी तरह नन्दलाल यादव ने भी आभार व्यक्त किया।

### शत-प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य लेकर हितग्राहियों को लाभान्वित करें:कलेक्टर

**उत्तर बस्तर कांकेर,2 फरवरी।** मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्डों में आज से समाधान शिविरों का आयोजन प्रारंभ हो गया है। जिले में आयोजित शिविरों का अवलोकन व निरीक्षण करने कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह आज नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम भनसुली तथा चारामा विकासखण्ड के ग्राम बड़ेगौरी और मरकाटोला पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रत्येक विभागीय स्टॉल में जाकर प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया और पात्र शत-प्रतिशत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत् लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि ये शिविर शत-प्रतिशत सैचुरेशन के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं। अतः कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न होने पाए। कलेक्टर श्री सिंह आज सुबह 11.30 बजे नरहरपुर के ग्राम भनसुली में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे, जहां पर विभिन्न विभागों के मैदानी अमलों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। उन्होंने सभी आश्रित ग्रामों में शिविर के आयोजन के संबंध में एक दिन पूर्व मुनादी करवाने और शिविर स्थल पर माइक के जरिए पात्र हितग्राहियों को बुलवाकर उन्हें प्रमाण-पत्र अथवा सामग्री/उपकरण वितरित करने के निर्देश जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए। जलजीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन के बारे में पूछे जाने पर स्थानीय सरपंच ने शत-प्रतिशत घरों में कनेक्शन लगने की बात कही। इसके अलावा ग्रामीणों ने क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया। इस संबंध में विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि ग्राम जुनवानी में 33/11 केव्ही का विद्युत सब-स्टेशन स्थापित किया जा रहा है, जिसके प्रारंभ होते ही क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या दूर हो जाएगी। इसी तरह नरहरपुर में 33 केव्ही लाईनिंग की निविदा प्रक्रियाधीन है। इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूल के जर्जर भवन के स्थान पर नवीन भवन के निर्माण की मांग की। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को परीक्षण उपरांत प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, आदिवासी विकास सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल में जाकर शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लक्षित कर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् कलेक्टर श्री सिंह ने चारामा विकासखण्ड के ग्राम बड़ेगौरी में जाकर ग्रामीणों और स्टॉल में मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राशन कार्ड नवीनीकरण, आधार अपडेशन, जाति प्रमाण-पत्र, फौती एवं नामांतरण और जल जीवन मिशन के तहत् गांव में पाइपलाइन विस्तार तथा नल कनेक्शन के बारे में पूछा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का नाम आवास प्लस में जोड़ने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत् रसोई गैस का इस्तेमाल करने की समझाइश दी।




**सुकमा 2 फरवरी।** माफिया मोहम्मद अली पर मेहरबान जिला प्रशासन,तेजी से हो रहा अवैध खनन खसरा नंबर 1479/1 शासन द्वारा प्रदत्त कुम्हारों के जमीन पर माफिया मोहम्मद अली कर रहा अवैध खनन। वार्ड नं 15 में माफिया मोहम्मद अली द्वारा अवैध खनन जारी,कुम्हार वर्ग में आक्रोश। जिला प्रशासन से शिकायत,बावजूद इसके नही हुई कोई कार्यवाही। माउंटेन चैन से किया जा रहा अवैध खनन,कुम्हारों की जमीन से माफिया मोहम्मद अली कर रहा मिट्टी की चोरी। माफिया द्वारा अवैध खनन जारी,जिला प्रशासन बेसुध।

### नवजात शिशुओं को एक हजार दिनों के स्तनपान और माताओं के उचित पोषण आहार के महत्व पर

# चिकित्सा विशेषज्ञों और पारंपरिक बैगाओं, सिरहा, गुनिया के बीच की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर, 4 फरवरी।** नारायणपुर जिले में बुधवार को बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर केंद्रित कार्यशाला गोलावण्ड ग्राम में आयोजित किया गया। उक्त स्वास्थ्य संबंधी विमर्श यूनिसेफ, मीडिया कलेक्टिव फ़ॉर चाइल्ड राइट्स, उपजास, जिला स्वास्थ्य विभाग एवं राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। डॉ टी एस कुंवर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ने कहा कि, बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण, उनके भविष्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है तथा इसमें किसी तरह भी कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। बच्चों में सम्पूर्ण टीका करण उनमे, गंभीर और असाध्य रोगों से लड़ने और बचने में कवच के रूप में कार्य करता है। यूनिसेफ की जिला समन्वयक डॉक्टर राबिया बसरी, ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये बच्चों में 12 गंभीर बीमारियों व उनसे बचाव, गर्भवती महिलाओं के पोषण, किशोरी बालिकाओं में मासिक धर्म के दौरान उचित देखभाल और स्वास्थ्य खान पान और टीकाकरण के बारे में जानकारी दी। इस परिचर्चा में नवजात शिशुओं के लिए 1000 दिन तक आवश्यक स्तनपान, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य जांच आदि विषयों पर और जिले के सदूर अंचल एवं शहरी क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाल में, पारंपरिक चिकित्सको और स्वास्थ्य विशेषज्ञ के बेहतर तालमेल पर विचार रखते हुए, श्री डी श्याम कुमार, राज्य समन्वयक मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स ने कहा कि हमें हर हाल में बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, स्तनपान से बच्चों की रोग प्रतिरक्षक क्षमता बढ़ती है और माताओं को स्तन कैंसर से बचाव होता है। डॉ बी एन बनपुरिया जिला टीकाकरण अधिकारी,ने पोलियो टीकाकरण से मिली सुरक्षा को तुलनात्मक ढंग से बताते हुए टीकाकरण के फायदे और 12 प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है। लोक प्रशिक्षक प्रमोद पोटाई ने कहा कि सर्प दंश पीड़ित को झाड़-फूंक करने की बजाय तत्काल हॉस्पिटल ले जाएं। गर्भवती महिलाओं का प्रसव घर में नहीं, बल्कि हॉस्पिटल में करवाएं। समुदाय में सिरहा-गुनिया के प्रभाव का सकारात्मक उपयोग जन जागरूकता लाने में भी कर सकते हैं। आपकी एक छोटी सी सही सलाह किसी का जीवन भी बचा सकती है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हर हाल में गर्भवती माताओं को नियम पूर्वक उचित देखभाल, आहार एवं जरूरी दवाइयों के साथ साथ नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार से सम्बंधित जांच को आवश्यक बताया। वहीं दूसरी ओर प्रसव पूर्व एवं प्रसव के बाद उचित देखभाल के लिए स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग और उससे होने वाले फायदों को बताया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में, बैगा, वुनिया, सिरहा के साथ समन्वित चर्चा में स्वास्थ्य संबंधित जानकारी एवं उनके विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से दिया गया और साथ ही समन्वित प्रयास और एकरूपता के लिए कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

# दिल्ली से लौटे स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र शिवम बंसल का किया गया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 2 फरवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत का कार्यक्रम ÷परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण 29 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सम्पन्न हुआ। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत्साह देखने को मिला। छत्तीसगढ़ राज्य से इस कार्यक्रम के लिए दो छात्रों क्रमशः स्वामी आत्मानंद स्कूल कोंटा का छात्र शिवम बंसल, सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा फुलेश्वरी ओट्टी एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल तोंगपाल की शिक्षिका श्रीमती अनीता पहाड़े का चयन हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान सुकमा के बच्चों से भी किया बातचीत। प्रधानमंत्री ने कहा प्रतिस्पर्धा दूसरों से नहीं स्वयं से करें और दोस्तों से प्रेरणा लें। सुकमा ज़िलें के तीनो प्रतिभागी आज सुकमा वापस लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली से कोंटा आने पर आज शिवम बंसल का स्वामी आत्मानंद स्कूल कोंटा के छात्रों एवं शिक्षकों ने फूलो और जोरदार आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। एवं नगर में स्वागत रैली निकाला। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री पी श्रीनिवास,शिक्षाविद श्री राज शेखर, प्राचार्य श्री बी एल औरसा,प्रधान अध्यापक श्री सुशील श्रीवास, श्री टी श्रीनिवास वासु,संकुल समन्वयक श्री जी मल्लेश,बीरपाळ् सिंह बंसल, समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्तिथ रहे।



**एक नजर**

## भेंड्रा गांव के जंगल में पेड़ों की हो रही अवैध कटाई



**रायगढ़, 2 फरवरी।** नगर से महज तीन किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत भेंड्रा में मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के निवासी पूना राम ऊईके जिसके नाम पर आदिवासी जमीन 19 एकड़ को खरीद कर एस्केनिया कंपनी के नाम पर लीज लेकर सैकड़ो पेड़ों को काटकर वन तथा राजस्व शासकीय भूमि को कब्जा करने का बड़ा खेल करने का मामला सामने आया है। वन विभाग द्वारा बनाये सीपीटी गढ्ढा को भी कंपनी द्वारा अपने जमीन मे मिलाकर अहाता से घेर कर कब्जा कर लिया गया है। वही पटवारी द्वारा दिये बिक्री छाँट मे राजिस्ट्रिकृत जमीन के चारो ओर शासकीय जमीन का उल्लेख है जिसमे से लगभग 3 एकड़ को कब्जा कर अहाता निर्माण कराया जा रहा है। बेजा कब्जा की खबर लगने पर सरपंच ग्राम पंचायत भेड़ा द्वारा तहसीलदार घरघोडा के समक्ष कंपनी द्वारा शासकीय भूमि पर अवेध कब्जा को लेकर स्थगन हेतु आवेदन कियाए जिस पर तहसीलदार घरघोडा ने कार्य के तत्काल रोकने का आदेश दिया।एक बड़े क्षेत्रफल को जिसमे फॅारेस्ट और राजस्व भूमि को कंपनी द्वारा रातों रात कब्जा करने तथा पटवारी के द्वारा दिये बिक्री छाँट मे खरीदी किये भूमि पर 4538 काजू तथा अन्य बृक्ष होना बताया हैए जिसमे कंपनी द्वारा रातों रात हजारो बृक्ष को काटकर हटा दिया गया। सरपंच तथा ग्रामीणों ने पूना राम द्वारा लिए जमीन का नाप कर कब्जा किये भूमि को तत्काल मुक्त करने का मांग किया है।

**पंचायत की आपत्ति के बाद भी हो गया डायवर्सन–** सरपंच धरमवती राठिया ने कहा की भूमि स्वामी द्वारा औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्षन के लिए लगाए आवेदन मे एस डी एम घरघोडा द्वारा ग्राम पंचायत भेंड्रा से कथन मांगा गयाए जिस पर ग्रामीणों ने ग्राम सभा तथा पंचायत द्वारा अनापत्ती प्रस्तुत किया गया। पंचायत के आपत्ति के उपरांत भी 19 एकड़ भूमि का डायवर्शन तहसील कार्यालय द्वारा कर दिया गया।

## छात्रों के लिए एसव्हीआरएम स्कूल में करियर फेयर का 5 फरवरी को

**रायगढ़, 2 फरवरी।** स्कूली पढ़ाई पूरी करने के दौरान छात्रों के मन में सबसे बड़ी दुविधा होती है कि किस क्षेत्र में अपना करियर बनायें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयार कैसे करें, किस-किस फील्ड में रोजगार के किस तरह के अवसर मौजूद है। इन्हीं सब सवालों के जवाब के साथ छात्रों को करियर निर्माण के संबंध में मार्गदर्शन देने एक करियर फेयर का आयोजन 5 फरवरी को रायगढ़ में होने जा रहा है। जहां पूरे देश के विभिन्न राज्यों से यूनिवर्सिटी की टीमें करियर फेयर में शामिल होने रायगढ़ पहुंच रही है। जो यहां छात्रों से मुखातिब होकर उन्हें अपने विश्व विद्यालयों में चलने वाले कोर्सेस व उसमें एडमिशन के बारे में जानकारी देंगे। करियर फेयर में प्रवेश निःशुल्क होगा। जिसका लाभ स्कूली छात्र के साथ स्नातक के छात्र भी ले सकते है। रायगढ़ स्थित विद्यालय श्री साधुराम विद्या मंदिर (एसआरव्हीएम) में करियर फेयर का आयोजन दिनांक 5 फरवरी 2024 को प्रातः 10.30 बजे से होगा। यहां एक ही स्थान पर कई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए निर्देशक टीम उपस्थित रहेंगे, जो कि विद्यार्थियों को भविष्य में अपने-अपने करियर को चुनने एवं विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययन एवं कोर्स की जानकारी देंगे। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर एआई यूनिवर्सल यूनिवर्सिटी, महेंद्रा यूनिवर्सिटी, मारवाड़ी यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, पारुल यूनिवर्सिटी, यूकॉन यूनिवर्सिटी, अजिंक्य डी वाई पाटिल यूनिवर्सिटी, बी ई एस टी इनोवेशन यूनिवर्सिटी की टीम मौजूद रहेंगी।

विद्यार्थियों को सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उच्च शिक्षा के उचित क्षेत्र का चयन कर छात्र अपना करियर ऐसे फील्ड में बना सकते है, जहां रोजगार के बहुत से मौके उन्हें मिले। इसके लिए सही समय पर सही मार्गदर्शन बहुत जरूरी है। रायगढ़ में आयोजित करियर फेयर के रूप में यह अवसर स्थानीय विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, क्योंकि कभी-कभी वे अपने लक्ष्य से विपरीत हो कर असफल भी हो जाते हैं। करियर फेयर का उद्देश्य है कि कक्षा दसवीं, बारहवीं के विद्यार्थियों को दिशा-निर्देश दिया जाएगा

## धान बोनस की राशि खाते में जमा नहीं हुई तो क्षेत्र के पटवारी से करें संपर्क

**रायगढ़, 2 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का धान विक्रय बोनस जारी किया गया है। धान बोनस सीधे किसान के खाते में ट्रांसफर किया गया है। ऐसे किसान जिनका खाता नंबर बदल गया है या फिर गलत है जिनका भूमि का नामांतरण, बंटवारा हो गया है एवं ऐसे किसान जिनकी मृत्यु हो गई है अथवा ऐसे किसान जिनका किसी भी कारणवश धान बोनस की राशि उनके खाते में नहीं आया है, उनके संबंध में जानकारी देते हुए तहसीलदार रायगढ़ श्री लोमस मिरी ने बताया कि ऐसे सभी किसान अपने क्षेत्र के पटवारी से संपर्क कर सकते है। तत्पश्चात संबंधित पटवारी किसानों का संपूर्ण दस्तावेज लेकर तहसील कार्यालय से समन्वय कर भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करवायेंगे।

## पेंशन अदालत 6 फरवरी को

**रायगढ़, 2 फरवरी।** डाक विभाग द्वारा 6 फरवरी 2024 को कार्यालय अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग रायगढ़ में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक एनपीएस अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एनपीएस/एनपीएस-लाईट ग्राहकों का एनपीएस प्रकरण से संबंधित शिकायतों व आवेदनों का निपटान किया जाएगा। शिकायत संबंधी आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 5 फरवरी 2024 तक रखी गयी है।

# अंतरिम बजट में किसानों को झुनझुना भी न मिला:तेजराम विद्रोही

- भारत सरकार की आमदनी तीन गुणा बढ़ी है तो भारत सरकार पर अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष का 205 लाख करोड़ रुपये कर्ज क्यों
- कॉरपोरेट को फायदा पहुंचाने वाला है बजट

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 2 फरवरी।** केन्द्र सरकार की ओर से छठवीं बार वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी माह की पहली तारीख को साल 2024-25 के लिए अंतरिम बजट प्रस्तुत की है। बजट प्रस्तुत करने के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत सरकार की आमदनी में तीन गुणा वृद्धि हुई है।



प्रस्तुत बजट पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ महासचिव तेजराम विद्रोही ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भारत सरकार की आमदनी तीन गुणा बढ़ी है तो फिर भारत सरकार पर अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष का 205 लाख करोड़ रुपये कर्ज क्यों है? उन्होंने आगे कहा कि जो कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का रीढ़ है उसके लिए 1 लाख 27 हजार करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया है जबकि रेलवे क्षेत्र जिसे निजीकरण व ठेकाकरण कर अडानी के हवाले किया जा रहा है उसके लिए बजट में 2 लाख 55 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है अर्थात सरकारी पैसों से रेलवे का विकास करो और संचालन के लिए अडानी को सौंप दो। महा अमीर और कॉरपोरेट लोग जो टैक्स जमा नहीं कर पाए हैं उनके लिए भी छूट का प्रावधान किया। किसानों की बात करने वाली केन्द्र की मोदी सरकार ने किसानों को पिछली बजट में कुछ झुनझुना तो दिया था परंतु इस बजट में वह झुनझुना भी न मिला। न किसानों की आय दुगुनी हुई और न ही किसानों की फसलों को खरीद करने न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई कानूनी गारंटी मिली। किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले किसानों की संख्या में ई केवायसी के नाम पर कटौती की गई है। जहाँ चार करोड़ किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ लिए बताया जा रहा है वहीं सोलह करोड़ किसान इस योजना से वंचित हुए हैं जो सरकार की उलब्धि नहीं बल्कि नाकामी है। राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई नाम) जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी पूर्व में देश की डिफाल्टर कंपनी नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एन्ड केमिकल्स लिमिटेड को दी गई है जो 1500 करोड़ रुपये न चुका पाने के कारण का डिफाल्टर घोषित कर दी गई। नैनो डीएपी के नाम पर केवल इफको कंपनी को फायदा पहुंचाया जाएगा क्योंकि नैनो यूरिया का फायदा तो किसानों को मिल नहीं रही और तो और यूरिया की बोरी में वजन की कॉटामारी की जा रही है 50 किलो की बोरी 45 किलो की गई और अब 40 किलो। 2047 तक विकसित भारत का मुंगेरीलाल का सपना दिखाया है जबकि वर्तमान वित्तीय घाटा 5.8त्न से घटकर 2025 में 5.1त्न होने का अनुमान दर्शाया है। जबकि महंगाई और बेरोजगारी दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।

## खरसिया स्टेशन का पीआरएस काउंटर रात 10 बजे तक खुलेगा

**रायगढ़, 2 फरवरी।** खरसिया रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउंटर शाम 4 बजे बंद हो जाता था। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही थी। ऐसे में रेलवे विभाग द्वारा इसके समय में विस्तार करते हुए अब दो फरवरी से सुबह 8 बजे से रात बजे तक खोलने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा का विकास व विस्तार को लेकर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। ऐसे में अग्रिम आरक्षण टिकट कराने वाले यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए मंडल के खरसिया स्टेशन के पीआरएस काउंटर के खुलने की समयावधि को 02 फरवरी से बढ़ाया जा रहा है। जिससे यहां का पीआरएस काउंटर अब सुबह 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुलेगी।

## पुलिस पार्टी पर फायरिंग एवं हमले की घटना में शामिल माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर, 2 फरवरी।** जिला में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 01/02/2023 को थाना भोपालपटनम् एवं केरिपु 170/बी चेरपल्ली की संयुक्त टीम करकावाया की ओर निकली थी । अभियान के दौरान करकावाया से माओवादी घटना में फरार आरोपी महेश तलाण्डी पिता



इस्तारी उम्र 38 वर्ष निवासी करकावाया थाना भोपालपटनम् जिला बीजापुर को पकड़ने में सफलता मिली । पकड़ा गया आरोपी थाना भोपालपटनम् क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 01/11/2009 को कुचनूर के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़, दिनांक 19-03-2009 को पोषणपल्ली मंदिर के पास पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना एवं दिनांक 15-04-2009 को चुनाव सुरक्षा डयूटी में तैनात बल को पोषणपल्ली के पास फायरिंग करने की घटना में शामिल था । पकड़ा गया माओवादी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक बीजापुर की ओर से 5000/- का ईनाम उद्घोषित है । उक्त के विरूद्ध थाना भोपालपटनम में 03 स्थाई वारंट लंबित है । पकड़े गये फरार माओवादी के विरूद्ध थाना भोपालपटपनम् में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।

# कोलियरी धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था का आलम,लाखों का धान पानी में भीगा

### कटे-फटे तालपत्री के सहारे चल रहा काम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 2 फरवरी।** प्राथमिक कृषि सह शाखा समिति 171 में लाखों का धान भीगा बता दें कि बीते रात्रि में मौसम ने अपना करवट बदला और सुबह 5 से 6 के बीच 1 घंटे जमकर बारिश हुई जिसके चलते धान खरीदी केंद्र कोलियरी में अव्यवस्था के चलते लाखों का धान भीग गए जबकि धान खरीदी केंद्रो में धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने के पूर्व तिथि से ही समितियों को तैयारी हेतु राशि भेज दी जाती है लेकिन समिति प्रबंधक अपना जेब भरने के लिए शासन को क्षति पहुंचाने की नीयत से व्यवस्था बनाने से बचते है और अपना जेब बटोरने में लग जाते है इसी कारण से शासन को लाखों का क्षति होता है 7 जिसके चलते लाखों का धान पानी में भीग गए लेकिन प्रबंधक को होश नहीं है बता दें कि धान खरीदी पूर्ण करने का निर्धारित समय महज दो दिन बांकी है लेकिन



भारी स्टॉक व किसानों द्वारा विक्रय करने हेतु लाये गए धान को अवस्थित ढंग से तौल कर रखा गया है संवाददाता द्वारा मौके पर देखा गया तो ड्रेनेज के ऊपर रखे हुए स्टाक किये गए धान में ढंग से ताल पत्री नहीं बिछाए गए हैं कटे-फटे व पुराने ताल पत्री के सहारे स्टाक किए गए धान को ढके गए हैं विदित हो की समिति प्रबंधक का लापरवाही का नतीजा है जो कि आज लाखों का धान बारिश से भीगा।

## शिक्षकों की कमी को लेकर लोहरसी हाईस्कूल में जड़ा ताला, छात्रों में आक्रोश

**राजिम ।** गरियाबंद जिले में वर्षो से शिक्षकों की मांगों को लेकर स्कूलो में ताला लगाना हो या पदयात्रा आयें दिन विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से शासन प्रशासन का ध्यान में आने के बाद भी शिक्षकों की कमी को पूरा नहीं कर पा रहे हैं मजबूरन छात्रों के साथ पालकगण भी उनके साथ स्कूल में ताला लगाने मजबूर हो रहे हैं जबकि छात्रों को उम्मीद थी कि सरकार बदल गए तो कहीं न कहीं शिक्षकों की समस्या दूर हो जाएगी पर स्थिति जस की तस बनी हुई है जबकि छात्रों का कहना है कि परीक्षा ज्यादा दिन नहीं बचा है और हमारे स्कूल में विभिन्न विषयों की शिक्षकों की कमी है जिसके कारण पढ़ाई का स्तर गिर रहे है और हम अपने लक्ष्य तक पहुंचने में असफल नजर आ रहे हैं मामला फिंगेश्वर ब्लॉक के लोहरसी हाई स्कूल का है। संस्कृत, रसायन, विज्ञान, अंग्रेजी, जैसे विषय के शिक्षक की कमी लगातार बनी हुई है। शिक्षक न होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है बच्चों के समर्थन में ग्रामीण व पालकगन भी शामिल हुए है

# तेज रफ्तार रेत हाईवा ने फिर एक बुजुर्ग को कुचला

**नवापारा राजिम, 2 फरवरी।** शहर के बस स्टैंड से तकरीबन 300 गज की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी में 60 साल के एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार रेत हाईवा ने कुचल दिया जिसके कारण उनके एक पैर पूरी तरह से छिल गया था प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुपर एक्सेल पर सवार गोबर निवासी लादू साहू राजिम की ओर से होकर अपने घर गोबरा के लिए जा रहे थे पीछे से आ रही 50 टन रेत से भारी वजनी हाईवा सामने से ही टक्कर मार दी वह गिर गए और हाईवा के पीछे चक्के में करीब 10 मीटर तक घसीटते हुए चले जा रहे थे इससे उनका एक पैर पूरी तरह से छिल गया। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। जिन्होंने यह वीभत्स रूप देखा वह बया नहीं कर पा रहे थे। घटना बहुत ही खतरनाक और डरावनी थी। मौके पर गोबरा नवापारा थाना प्रभारी आशीष सिंह राजपूत अपने पूरी टीम के साथ पहुंचे। मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी भिजवाएं। घटना से आक्रोशित नगर वासियों ने रायपुर गरियाबंद मुख्य मार्ग पर इकट्ठे हो गए जिससे चक्काजाम की स्थिति बन गई। दोपहर 2-30 बजे के बाद आना जाना शुरू हुआ। चंपारण चौक से आगे एक किलोमीटर की दूरी ट्रकों की लंबी लाइन लग गई थी जिसके कारण



वाहनों को मंडी रोड से होकर डाइवर्ट करना पड़ा। आक्रोशित लोगों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। हालात बिगड़ते देख नवापारा तहसीलदार सूरज बंछोर घटनास्थल पर पहुंचे। 2-30 बजे के बाद आश्वासन मिलने से मामला कुछ शांत हुआ। तहसीलदार बंछोर ने परिजनों को तत्काल ?25000 आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। वहीं उपस्थित लोग जिला प्रशासन से परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग करते रहे। मामला शांत होने के बाद हाईवा को थाना ले जाया गया।

**निर्माणाधीन सड़क से हो रही दुर्घटनाएं**–लोगों का मानना है कि सड़क का काम बिल्कुल कछुआ चाल से चलने के कारण राहगीरों को आने-जाने में बहुत तकलीफ हो रही है। पिछले 2 साल से सड़क का काम चल ही रहा है और अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। कब तक भोले भाले लोग दुर्घटना का शिकार होते रहेंगे। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में रेत घाट चल रहे हैं जिसमें हाईवा गाड़ी से 50 से 60 टन रेत की सप्लाई हो रही है। कोई भी समय यह हाईवा बेधड़क चलती है। यहां तक की स्कूल टाइम में भी इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। बड़ी संख्या में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी पढ़ने के लिए शहर आते हैं। उन्हें बड़ी सावधानी से चलना पड़ता है। 2 दिन पहले शहर से लगा हुआ चौबेबांधा मार्ग पर तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से दो लोग बाल बाल बचे थे। कुछ दिन पहले शहर के तर्री रोड में एक ट्रक ने स्कूल जा रही बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे तीन लोगों की मौत हो गई थी। कुछ दिन पहले इसी मार्ग पर एक दंपति को हाईवा ने चपेट में ले लिया था जिससे एक व्यक्ति मौके पर ही खत्म हो गए। राजिम पुल के पास भी यही घटनाएं कई बार घट चुकी है परंतु स्थानीय प्रशासन के द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में कोई पहल नहीं किया गया है इसे लेकर भी लोग बहुत आक्रोशित और चिंतित है।

शहर में कब बनेगा बाईपास सड़क

राजिम और नवापारा दोनों मिलकर दो शहर है दोनों की आबादी तकरीबन 1 लाख के आसपास है। इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद यहां अभी तक कोई बायपास रोड नहीं बना हुआ है। व्यापारिक दृष्टिकोण से दोनों शहर व्यापार का प्रमुख केंद्र है। जिला मुख्यालय धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, राजधानी रायपुर से जुड़ा हुआ है। इसलिए हमेशा छोटी बड़ी वाहनों का रेलमपेल लगा रहता है। राजिम और नयापारा दोनों शहर में बायपास रोड की मांग लंबे समय से हो रही है इस पर न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और नहीं प्रदेश सरकार कोई पहल कर रही है। इस तरह से कब तक भोले भाले लोग अपनी जान देते रहेंगे।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की



बीजापुर 2 फरवरी । कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों से मिलकर शोक संतृप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की ज्ञात हो कि बीते रात सड़क दुर्घटना में 4 लोगो की मृत्यु हो गई, एवं 10 लोग घायल हैं। घायलों का ईलाज जिला चिकित्सालय बीजापुर में चल रहा है। कलेक्टर पाण्डेय ने घायलों का बेहतर ईलाज करने एवं मृतकों के शव का पोस्टमार्टम जल्दी कर उनके परिजनों को शव सुपुर्दनामा करने के निर्देश सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ यूके ध्रुव को दिए ताकि अंत्येष्टि का कार्य किया जा सके। जिला अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजनों एवं समाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से मिलकर घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं शासन द्वारा निर्धारित मुआवजा की राशि में अन्य सहायता हेतु पूरी संवेदना के साथ आवश्यक मदद करने की बात कही।

## ज्ञान का दीपक जलाना है बाल विवाह को मिटाना है



**बीजापुर 2 फरवरी।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई भैरमगढ़, भोपालपट्टनम के नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डो में व्यापक जागरूकता अभियान किया जा रहा है इस दौरान शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं महिलाओं एवं स्कूल के बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं उसके लिए जागरूकता कार्यक्रम कर जानकारी दिया जा रहा है कि किसी लड़की की उम्र 18 वर्ष लडके उम्र 21 वर्ष होने चाहिए इससे पहले शादी होती है तो वह बाल विवाह के श्रेणी मे आता है। जो कि एक सामाजिक कुरीति है। बच्चों एवं किशोरियो को चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 की जानकारी दिया गया जो कि राष्ट्रीय इमरजेन्सी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है। ऐसे बच्चों के लिए जिन्हे देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता है। जो कोई भी बच्चा अनाथ, बेसहारा, लावारिस घुमंतु, गुमशुदा, बालश्रम, बाल विवाह अपशिष्ट सग्राहक, सड़क जैसे कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चे मिलते है तो उनकी मदद के लिए निःशुल्क नम्बर 1098 पर फोन कर सकते है। इस दौरान नवीन मिश्रा संरक्षण अधिकारी, श्रीमती शीला भारद्वाज महिला संरक्षण अधिकारी , सुश्री आनदंमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, सुश्री लेखिका साहू जिला समन्वयक यूनिसेफ, राजकुमार निषाद, राजू कश्यप टुमारोज फाउंडेशन बीजापुर (बालगृह बालक)से श्री महेन्द्र कश्यप, गजेंद्र द्वारा जानकारी दिया गया।

## पुसौर में दिव्यांग बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व आंकलन शिविर

**रायगढ़, 2 फरवरी।** समग्र शिक्षा विकास खण्ड पुसौर द्वारा समावेश शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए आज बीआरसी कार्यालय में आंकलन शिविर कराया गया। जिसमें कक्षा पहली से 12वीं तक अध्यनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दिव्यांगता का पहचान किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर श्री दिनेश कुमार पटेल एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक शैलेन्द्र मिश्रा ने शिविर के संबंध में जानकारी दी। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.के.अग्रवाल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.आर.के.गुप्ता, नेत्र रोग सहायक श्री अर्जुन बेहरा, ऑडियोलॉजिस्ट श्री चक्रधर पटेल, फिजियोथेरेपी रागिनी राठौर एवं सिकल सेल इलेक्ट्रोफोरसिस जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर से बीएमओ के मार्गदर्शन में संदीप भोय और आशीष गुप्ता के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व आंकलन किया गया।

# भाजपा में आकर मुझे घर वापसी का हुआ एहसास:चिंतामणी महाराज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 2 फरवरी।** भाजपा मे आकर मुझे अपने घर लौटने का एहसास हुआ,यह मेरी पुनः घर वापसी हुयी है। भाजपा की नीतियां आम जनता को खास बनाने से लेकर हर वर्ग के लिए नींव का पत्थर साबित हो रही है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंदु राष्ट्रवाद के जरिये हिंदुओ को गर्व से जीने का अधिकार दिया,यह बातें दस साल तक कांग्रेस का दामन थामकर सामरी क्षेत्र से विधायक एवं संसदीय सचिव रहने वाले चिंतामणी महाराज ने तरूण छत्तीसगढ से चर्चा करने के दौरान कही। कांग्रेस से पूर्व चिंतामणी महाराज की पहचान संत गहिरा गुरू के अनुयायी एवं भाजपा के एक वरिष्ठ कार्यक्रर्ता के रूप मे हुआ करती थी,परंतु बीच मे उन्होने कांग्रेस का दामन थाम लिया था। छत्तीसगढ के विधानसभा चुनाव के दौरान सीट बटवारे को लेकर आला नेताओ से चिंतामणी महाराज की बात ना बनने के कारण उन्होने पुनः भाजपा का दामन थाम लिया। विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने चिंतामणी महाराज को गहिरा गुरू के सैकडो



अनुयायीयों की उपस्थिती मे भाजपा प्रवेश कराया,परंतु भाजपा ने उन्हे विधानसभा मे टिकट नही दी। अब लोकसभा चुनाव मे उन्हे टिकट मिलने के कयास लगाये जा रहे है। आज वे लैलूंगा क्षेत्र के केसला गांव से कंवर समाज के एक आयोजन मे अतिथी बनकर पहुंचे थे,जहा से वापसी के दौरान वे स्थानीय विश्रामगृह मे भाजपा के कार्यक्रर्ताओ से सौजन्य मुलाकात किये। उन्होने भाजपा के कार्यक्रर्ताओ को देश एवं प्रदेश स्तर पर चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाने की अपिल की। उनका कहना था कि ग्रामीण स्तर की प्रत्येक चौखट तक सरकार की योजनाओ का प्रचार प्रसार कर उसका लाभ हर एक उस व्यक्ति तक पहुंचाने की कोशिश करे जो लंबे समय से सरकारी योजनाओ का लाभ लेने से वंचित थे।।

विश्वास पर कुंदन की तरह उतरूंगा खरा-:सामरी क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा मे घर वापसी किये चिंतामणी महाराज ने भाजपा का पुनः विश्वास पर खुद को कुंदन की तरह खरा उतरने की बात कही। आज वे राठ कंवर समाज के दस अंचल के सौ गांव के लोगो के साथ एक आयोजन मे शामिल होकर यहा पहुंचे हुये थे,इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल,ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत भाटिया,अनुप जिंदल(पूर्व सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव साय),रामनिवास जिंदल,श्याम नारायण गुप्ता,रमेश गोयल,मधुसुदन गोयल,मनोज गोयल,सौरभ शर्मा,महेश गुप्ता,रेणु विश्वास,अंजू टोप्पो,मीना पटेल,सुचिता एक्का मौजुद थी।

## विदेश व्यापार एवं निर्यात संवर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन

**बीजापुर 2 फरवरी ।** जिले में विदेश व्यापार एवं निर्यात संर्वधन को बढावा देने के उद्देश्य से अतिरिक्त महानिदेशक विदेश व्यापार, नागपुर द्वारा जिले में पहली बार (एक्सपोर्ट आउटरीच प्रोग्राम अंडर डिस्ट्रिक्ट एज एक्सपोर्ट हब) विदेश व्यापार एवं निर्यात के संबंध में उन्मुखीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला जिला पंचायत बीजापुर के सभा कक्ष में 06 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में ष्ठत्रस्नञ्ज नागपुर के विशेषज्ञो की एक टीम ढ्ढद्वश्चशह्म्ह्ल श्व×श्चशह्म्ह्ल ष्टशस्रद्ग प्राप्त करने के तरीको पर विडियों प्रस्तुति देगें साथ ही निर्यात वित्त विकल्पो पर एमएसएमई विभाग, बैंक ऑफ महाराष्ट, एसबीआई द्वारा ष्ठत्रस्नञ्ज में संचालित योजनाओं एवं स्द्गस्ड्ढ विभाग मे संचालित ऋष्टा संबंधी योजनाओं की जानकारी देगें। इसमे डीजीएफटी नागपुर द्वारा निर्यात आउटरीच कार्यक्रम का फोकस ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न तरीको से जिले के उत्पादों और सेवाओं की व्यापक और वैश्विक पहुंच के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु जानकारी दिया जाना है।

**एक नज़र**

## जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में संलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में श्रीमान अति0पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में 1 फरवरी को मुखबीर लगाकर टीम गठीत कर ग्राम धाराशिव के जंगल में जुआ खेलने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते हुए कुल 03 जुआरियों को पकडा गया एवं जुआरियों से कुल 4540/- बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 13 जुआ एक्ट, धारा 3(2) छ. ग. जुआ प्रति.अधि. 2022 के तहत कार्यवाही की गई. आरोपियों के नाम अपराध क्र. 58/23 धारा 13 जुआ एक्ट, छ. ग जुआ प्रति. अधि. 2022 की धारा 3(2), योगेश कुमार सोनवानी थानु राम सोनवानी उम्र 26 वर्ष ग्राम धाराशिव थाना लवन, सोनू कोसले पिता हीरालाल उम्र 36 वर्ष ग्राम कोहरौद थाना लवन, आत्माराम मनहरे पिता गंगा राम उम्र 35 साल सा. डोटोपार थाना सिटी कोतवाली है। उक्त कार्यवाही में स उ नि संजीव सिंह राजपूत, आरक्षक केशव भट्ट, पल्लव सिंह, बहुर सिंह कैवर्त्य, भिमेन्द पैकरा का विशेष योगदान रहा

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र खैरा 01 एवं मिनी कार्यकर्ता के 1 पद के लिये थरगांव आंगनबाड़ी केंद्र डिपरापारा शामिल है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी से 13 फ़रवरी 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान के पते पर अपना आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं।

## जिले के सभी आरआई सर्किल में जन समस्या निवारण शिविर 3 फरवरी को

**बलौदाबाजार, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जमीन से संबंधित कार्यों के लिए विशेष शिविर संबंधी राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्र पर कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले के सभी राजस्व निरीक्षक (आर आई) को निर्देश दिया है कि वे 3 फ़रवरी को अपने मंडल कार्यालय में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन करें। प्राप्त आवेदनों पर निराकरण करें तथा संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5.30 तक होगा। उल्लेखनीय है कि यह शिविर छत्तीसगढ़ राज्य के सभी राजस्व निरीक्षक मंडलों में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के उपरांत जन समस्या निवारण शिविर प्रदेश के सभी तहसीलों में द्वितीय शनिवार 10 फ़रवरी को और सभी जिला मुख्यालय में तृतीय शनिवार 17 फ़रवरी को आयोजित किया जाएगा।

### पलारी पुलिस टीम ने किया शराब की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# ग्राम ससहा व टीला के 5 शातिर आरोपियों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों से 1, 37, 550 कीमत मूल्य की 1250 पाव देशी मसाला शराब की जब्त
- पुलिस टीम ने अवैध रूप से शराब परिवहन में इस्तेमाल एक होंडा सिटी कार एवं 2 मोटरसाइकिल भी किया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 2 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं एसडीओपी बलौदाबाजार श्रीमती निधि नाग के मार्गदर्शन में थाना पलारी पुलिस की टीम द्वारा अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले लोगों की घरपकड़ हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 31जनवरी को सूचना मिला कि अभी रात्रि में कुछ लोग कार एवं अन्य दोपहिया वाहनों के माध्यम से वाहन से भारी मात्रा मे शराब ग्राम सुन्द्रावन की ओर से ससहा की तरफ से लाने वाले है। कि मुखबीर सूचना पर दिनांक 31.01.2024 की रात्रि थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह, सउनि राजेश सेन, संजीव सिंह प्र0आर0 नवीन कुर्रे एवं अरशद खान के साथ थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम ससहा-सुंदरी स रोड पर पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। उसी दौरान ग्राम सुंद्रावन की ओर से आगे पीछे होकर आ रही संदिग्ध दो मोटरसाइकिल एवं एक कार को रोका गया। इसमें सामने वाले बिना नंबर मोटरसाइकिल पर 02 व्यक्ति होरीलाल एवं गोपेन्द्र यादव बैठे मिले, जिसमें दोनों ने बीच में दो नग बडा थैला रखा हुआ था। दूसरी बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल में भी 02 लोग जगदीश यादव एवं चूडामणी साहू सवार थे, उन्होंने भी बीच में दो नग बड़ा थैला रखा हुआ था तथा इसके पीछे एक सफेद रंग की पुरानी होंडा सिटी कार को रोका गया जिसमें चालक के रूप में एक व्यक्ति नारायण साहू बैठा हुआ था। आरोपियों के मोटरसाइकिल एवं कार में रखे सामान एवं थैले का पुलिस टीम द्वारा सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी 04 नग बडे थैला में देशी मसाला शराब की 600 पाव एवं होण्डा सीटी कार के डिक्की में 13 नग भूरे रंग के कार्टून के अंदर देशी मसाला शराब 650 पाव रखे मिला। इस प्रकार दोनों मोटरसाइकिल एवं कार में आरोपी शराब तस्करों से कुल 1250 पाव देसी मसाला शराब विधिवत जप्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य 1, 37, 550 है। साथ ही आरोपी तस्करों से अवैध रूप से शराब परिवहन में इस्तेमाल 02 मोटरसाइकिल एवं एक होंडा सिटी कार भी जप्त किया गया है। आरोपियान का कृत्य आबकारी एक्ट का अपराध करना पाये जाने से थाना पलारी में अपराध पंजीबध्द कर सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आरोपियों के नाम

» होरीलाल यादव पिता कुलेश्वर यादव उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी
» गोपेन्द्र यादव पिता नकुल यादव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी
» जगदीश यादव पिता संतोष यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम ससहा पलारी
» चुडामनी साहू पिता चोवाराम साहू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी
» नारायण साहू पिता मनोज साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम टीला थाना पलारी

### जप्त समान

» कुल 1250 पाव देशी मशाला शराब कुल मात्रा 225 बल्क लीटर कीमती 1,37,550
» होण्डा सीटी कार कीमती लगभग 2 लाख
» एक बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल कीमती लगभग 40, 000
» एक बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल कीमती लगभग 30, 000

## 500 से अधिक लोगों ने उठाया अदाणी फाउंडेशन के नेत्र शिविर का लाभ




**तिल्दा-नेवरा, 2 फरवरी।** रायपुर के तिल्दा में अदाणी फाउंडेशन द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सहभागिता के एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर ग्राम पंचायत तुलसी के पंचायत भवन में लगाया गया। इसमें ग्राम तुलसी, कुंदरू, तिल्दा, बहेसर, सिर्वे, छतौद, चिचोली और ताराशिव सहित आसपास के आठ गांवों के कुल 503 लोगों ने नेत्र जांच शिविर का लाभ लिया।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202401092200067**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2023-2024

बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सरस्वती,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरस्वती आ. स्व. गैदलाल जाति महार निवासी बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बोरतलाब प.ह.न. 27 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 774 में ख.न. 171/2 रकबा 0.607हे. कृषि भूमि बिराजो बाई पति गैदलाल, जनाबाई, दुर्गा बाई, रमेश्वर, सरस्वती, सभी पिता गैंदलाल, मनीष (नाबालिग) पिता जनकलाल पालक बिराजो बाई सभी जाति महार सभी सा. बोरतलाब के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 07.02.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/01/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202401092200095**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024

डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-भारती,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भारती पति गोविन्दलाल जाति जैन निवासी वार्ड नम्बर 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 977 में ख.न. 214/28 रकबा 0.008 हे. कृषि भूमि नर्मदा पति मोहनलाल, भारती पति गोविन्दलाल सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12.02.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/01/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार
डोंगरगढ़


# आधा दर्जन दुकानों का शटर तोड़कर चोरी करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

## खुलासा होने के पहले बीती रात अज्ञात चोरों ने 3 ठिकानों में किया था हाथ साफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 2 फरवरी।** नगर पंचायत भखारा में आये दिन चोरी का घटना बढ़तेक्रम में है आये दिन चोरी ताजातरीन मामला सामने आते रहता है जो कि इसके लिए भखारा थाना की निष्क्रियता को दर्शित करता है एक तरफ वहीं 11 जनवरी रात्रि में पालिका बाजार की आधा दर्जन दुकानों में हुई चोरी की खुलासा हुआ तो वहीं दूसरी तरफअज्ञात चोरों ने एक फैंसी दुकान और 2 घर मे घुसकर हाथ साफ कर चोरी के घटना को अज्ञात अंजाम दे गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जन्नत कलेक्शन की शटर तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा दो बैगों में फैंसी समान को भरकर पास में छोड़ निकले तो वहीं एक घर मे हाथ साफ करने का प्रयास किया लेकिन वहां से भाग निकले तो वहीं दूसरे घर से अज्ञात चोर ने 10 हजार पार कर लिये है चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 शख्स सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए जिसका खोज तलाश जारी है।

बता दें कि 11 जनवरी की रात्रि में हुई चोरी को सायबर सेल तकनीकि से आरोपी तक पहुंचा पुलिस की खुलासा अनुसार आधा दर्जन दुकानों का शटर का ताला तोड़कर प्रवेश कर 85, 000/- रूपये जुमला रकम का चोरी किया गया था जिसमें नगदी रकम को सभी आरोपी आपस बराबर बांटकर खाने-पीने में खत्म कर लिए है वहीं फैंसी समान एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटर सायकल जिसकी कीमत करीबन 80, 000/- रूपये है व कुल बरामद राशि 86, 700/- रूपये को आरोपी द्वारा पालिका बाजार के शटर का ताला को तोड़कर चोरी कर ले गया था चोरी की घटना को थाना भखारा ने 457, 380 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर के कुशल नेतृत्व में तकनीकि सेवा के माध्यम से सायबर टीम एवं थाना भखारा स्टाफ के माध्यम से टीम बनाकर रेड कार्यवाही करने पर रायपुर क्षेत्र के आरोपी अमन मरकाम उर्फ बाबी पिता हेमन्त मरकाम उम्र 18 वर्ष सा. अमलीडीह थाना राजेन्द्र नगर, हर्ष कुमार साहू उर्फ हर्शु पिता पेखन लाल साहू उम्र 19 वर्ष सा. लभाण्डी थाना तेलीबांधा रायपुर, अज्जू देवार पिता गोदो देवार उम्र 18 वर्ष सा. हाउसिंग बोर्ड कचना रायपुर को गिरफ्तार किया गया वहीं 3 चोर नाबालिक मिले जिनसे पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार कर लिया गिरफ्तार मामला अजमानतीय होने से न्यायालय कुरूद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में सायबर सेल के उनि. रमेश साहू, सायबर स्टाप प्र.आर. देवेन्द्र राजपूत आर. कमल जोशी, आनंद कटवार, मुकेश मिश्रा, मनोज साहू, फ्नेश साहू, कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, झामेल राजपूत, योगेश ध्रुव, विकास द्विवेदी एवं थाना भखारा के जांचकर्ता प्र.आर. रामसिंग साहू, सीताराम नारंग एवं सउनि. तेजू राम सिन्हा, आर. हेमराज नेताम, मनोहर रात्रे, गणेश पटेल, खुमान साहू थाना भखारा एवं रायपुर पुलिस आर. अमित सिंह यादव एवं प्रमोद चंदेल के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार किया गया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202401092100019
अ/2 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण केशवदास पिता कुंवरदास व अन्य 04 निवासी मुरमुन्दा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम मुरमुन्दा प.ह.न. 31 रा.नि.मं. चौथना स्थित भूमि खसरा नंबर 387/1 रकबा 0.032 हेक्टेयर 0.07 एकड़ भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवेदकगण कृषि गोदाम प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, नक्शा खसरा बी-1, अधिवक्ता पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 14/02/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी
एवं भू-परिवर्तित अधिकारी
डोंगरगढ़

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, पश्चिम बस्तर संभाग, बीजापुर**
**::: संक्षिप्त मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना:::**

क्रमांक 67/NIT-13/2023-24/व.ले.लि. दिनांक 30.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 13 T0067 | नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नाईट लैंडिंग सुविधा के लिए जिला बीजापुर के पी.एस. मिरतूर के स्थान पर फलगट्टा में हेलीपेड का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 21.22 लाख |
| 13 T0068 | तोयरनार फरसेगढ़ मार्ग के कि.मी. 18/8 और 19/4 में मार्ग क्षतिग्रस्त का विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 9.51 लाख |

नोटः-
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13.02.2024
2. निविदा संबंधी जानकारी विभागीय वेब पोर्टल cg.nic.in/pwdraipur से अवलोकन किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. पश्चिम बस्तर संभाग
बीजापुर

जी-07438/4


### केंद्रीय बजट का विश्लेषण

# सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय बजट : डॉ भूपेंद्र कुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 2 फरवरी।** बिना किसी लोकलुभावन घोषणाओं के नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब जनता और किसानों पर केंद्रित, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2024 के अंतरिम बजट पेश कर दिया है।इस मिनी बजट से देशवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीदें थीं। लेकिन, केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट की परंपरा के मुताबिक ऐसी कोई बड़ी घोषणा नहीं की है।आम टैक्स पेयर्स को कोई राहत नहीं मिली है।सरकार ने टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है।वित्त मंत्री ने संसद के संयुक्त सदन में 57 मिनट का अंतरिम बजट भाषण दिया।इसमें मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियां गिनाईं।वित्त मंत्री ने सुबह 11:01 बजे से बजट भाषण शुरू किया और 57 मिनट बाद 11:58 बजे खत्म किया।इस बजट में महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों और ग्रामीणों को ध्यान में रखते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं का एलान किया गया है।बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना से 38 लाख किसानों को फायदा मिलेगा और 10 लाख रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। उपज के बाद होने वाले नुकसान को रोकने के लिए भी योजनाओं पर काम हो रहा है।कृषि उपज होने के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी मजबूत किया जाएगा।आत्मनिर्भर तेल बीज अभियान को मजबूत किया जाएगा।इसके तहत कृषि की नई प्रौद्योगिकी और कृषि बीमा को बढ़ावा दिया जाएगा।डेयरी से जुड़े किसानों की भी मदद की जाएगी।जिसके लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।मत्स्य संपदा को भी मजबूत किया जा रहा है।सी-फूड का उत्पादन दोगुना है।मत्स्य संपदा योजना के जरिए उत्पादकता को तीन से बढ़ाकर पांच टन प्रति हेक्टेयर किया जाएगा।रोजगार के 55 लाख नए अवसरों को उत्पन्न किया जाएगा।पांच समेकित एक्वा पार्क बनाए जाएंगे।पिछले बजट में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए महिला सम्मान बचत सर्टिफिकेट योजना की शुरुआत की थी।यह योजना मार्च 2025 तक उपलब्ध है और इसमें महिलाओं या लड़कियों के नाम पर दो साल के लिए अधिकतम दो लाख रुपये 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर जमा किए जा सकते हैं।दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बनाए गए महिलाओं के 81 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप को आर्थिक रूप से और सशक्त करने का एलान किया गया है।जिसके तहत इन सेल्फहेल्प ग्रुप्स को मिलाकर उन्हें कच्चा माल मुहैया कराकर और उन्हें डिजाइन, क्वालिटी, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की ट्रेनिंग देकर इन्हें प्रोड्यूसर एंटरप्राइजेज के तौर पर विकसित करने का एलान किया गया था।पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश की तीन करोड़ महिला किसानों के बैंक खातों में 54 हजार करोड़ रुपये डाले गए।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बजट में वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 267 करोड़ रुपये ज्यादा कुल 25, 448 करोड़ रुपये आवंटित किए गया था।लिंगानुपात को बेहतर करने के लिए 2, 23, 219 करोड़ रुपये आवंटित किए गया है।सरकार ने पिछले बजट में किसान वर्ग के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनाने का एलान किया था।जिसके ग्रामीण इलाकों में कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है।भारत को अन्न का ग्लोबल हब बनाने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद में रिसर्च को बढ़ावा दिया जा रहा है।पशुपालन, डेयरी और मतस्य पालन के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के कृषि क्रेडिट का एलान किया गया था।साथ ही पीएम मतस्य संपदा योजना के तहत छह हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया गया था। इसमें मछुआरों, मछली वेंडर्स और मछली पालन से जुड़े छोटे और मध्यम बिजनेस और सप्लाई चेन को बढ़ाने में मदद की जाएगी।पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 11.4 करोड़ किसानों के खातों में 2.2 लाख करोड़ रुपये जमा किए गए थे।कृषि तकनीक आधारित और कृषि स्टार्ट अप को बढ़ावा देने और विकास के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर का गठन किया गया।देश में 63 हजार प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटीज को 2516 करोड़ रुपये से कंप्यूटराइज्ड किया जा रहा है। किसानों के लिए बड़े पैमाने पर विकेंद्रीकृत स्टोरेज क्षमता का निर्माण किया जा रहा है।गोबरधन योजना के तहत 500 नए वेस्ट टु वेल्थ बायोगैस प्लांट बनाने का एलान किया गया था।इसके लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था।मनरेगा योजना के तहत 25 हजार करोड़ रुपये के बजट का एलान किया गया।साथ ही सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण, नेशनल हेल्थ प्रोग्राम और समग्र शिक्षा योजना और समर्थ योजना और स्वच्छ भारत मिशन के तहत 45 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।एक करोड़ किसानों को अगले तीन सालों में जैविक खेती अपनाने के लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर बनाने का एलान हुआ था।वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए घोषित बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत अधिकतम जमा सीमा को 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।साथ ही सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम में ब्याज दर को 7.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत किया गया था।सरकार ने किसी तरह की घोषणाएं करने से परहेज किया है।हालांकि कॉर्पोरेट टैक्स घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया है।पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ।2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे।4 करोड़ किसानों को पीएम फसल योजना का लाभ मिला है। इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं।1 करोड़ टैक्स पेयर्स को मिलेगा फायदा।कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा।यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40, 000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा।प्रधानमंत्री आवास योजना में दो करोड़ घर और बनेंगे।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अगले 5 साल में ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे।हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी।तीन रेल कॉरिडोर शुरू किए जाएंगे।40 हजार नॉर्मल रेल डिब्बों को वंदे भारत में बदला जाएगा।महिलाओं की उद्यमशीलता 28 प्रतिशत बढ़ी। देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया। तीन नए रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे।चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का फायदा मिला। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9-14 साल की बच्चियों का टीकाकरण होगा।आयुष्मान भारत का फायदा अब सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स को मिलेगा।सरकार 3 करोड़ मकानों के लक्ष्य के करीब।अगले 5 सालों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।गरीबों को सशक्त करने का काम किया जाएगा।सरकार की योजनाओं से गरीबी कम हुई है।किसान हमारे अन्नदाता हैं।किसान सम्मान योजना के तहत वित्तीय सहायता दी जाती है।किसानों को कई तरह का समर्थन दिया जा रहा है।युवाओं को सशक्त किया जाएगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव हुआ है।बच्चों के विकास के लिए अच्छी शिक्षा दिया जाएगा।सबका साथ, सबका विकास मंत्र के साथ सरकार ने चुनौतियों पर काबू पाया और अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिली।वित्तमंत्री।11.8 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है।4 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का फायदा मिला है।पीएम किसान संपदा योजना से 38 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं।2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रख कर बजट बनाया गया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र.-5 रायपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र. 1648/जोन क्र. 5/लो.क.वि./2024, रायपुर, दिनांक 30.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'द' से प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदायें तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 21.02.24 तक को 4:00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 12.02.24 तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनांक 15.02.24 तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक 21.02.24 को सायं 05:00 बजे खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की की अवधि | एस.ओ.आर. नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 40 अंतर्गत डंगनिया, मंगल बाजार, विवेकानंद आश्रम में नाली, पुलिया, चेंबर मरम्मत कार्य (संधारण मद) | 3.98 | 6000/- | 750/- | 3 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 2 | ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्र. 40 जोन क्रमांक 05 अपूर्ण सामुदायिक भवन को पूर्ण करने हेतु कृष्णा नगर डंगनिया। (विधायक निधि) (द्वितीय निविदा) | 3.00 | 4500/- | 750/- | 4 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 3 | वार्ड क्र. 40 जोन क्रमांक 05 अपूर्ण सामुदायिक भवन को पूर्ण करने हेतु ईदगाहभाठा मुस्लिम मोहल्ला (विधायक निधि) (द्वितीय निविदा) | 2.50 | 3750/- | 750/- | 4 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 4 | वार्ड क्र. 40 जोन क्रमांक 05 अपूर्ण सामुदायिक भवन को पूर्ण करने हेतु आर.डी.तिवारी स्कूल के बाजू आमापारा। (विधायक निधि) (द्वितीय निविदा) | 2.00 | 3000/- | 750/- | 4 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 5 | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के सेक्टर 1 एवं 2 के विभिन्न स्थानों में सिवेज एवं चेंबर रिपेयरिंग कार्य। (संधारण मद) | 3.45 | 5200/- | 750/- | 3 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 6 | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के सेक्टर 3 एवं 4 के विभिन्न स्थानों में सिवेज एवं चेंबर रिपेयरिंग कार्य। (संधारण मद) | 3.45 | 5200/- | 750/- | 3 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 7 | महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड, जोन क्र. 05, सामुदायिक भवन के उपर कक्ष निर्माण, सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर (विधायक निधि) पंचम निविदा | 5.00 | 7500/- | 750/- | 4 माह | As per S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 8 | वामनराव लाखे वार्ड क्र. 66 जोन क्र. 5, सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष, के बाजू (भक्तमाता कर्मा सामुदायिक भवन के पास) कुशालपुर (विधायक निधि) पंचम निविदा | 8.00 | 8000/- | 750/- | 6 माह | P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15 |
| 9 | वामनराव लाखे वार्ड क्र. 66, अंतर्गत बाजार चौक, (साहू पारा कुशालपुर) में साहूपारा के पास सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। (विधायक निधि) पंचम निविदा | 5.00 | 7500/- | 750/- | 4 माह | P.W.D. S.O.R (Building) 01.01.15 |
| 10 | वामनराव लाखे वार्ड क्रं. 66 जोन क्र. 5, बुढ़ादेव सामुदायिक भवन के बाजू, कक्ष एवं शौचालय निर्माण, कुशालपुर, बाजार चौक, पानी टंकी के पास कार्य। (विधायक निधि) तृतीय निविदा | 5.00 | 7500/- | 750/- | 6 माह | P.W.D. S.O.R (Building) 01.01.15 |
| 11 | वार्ड क्र. 68 डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड अंतर्गत विभिन्न उद्यानों का सौंदर्यीकरण कार्य। (सामान्य मद) | 11.82 | 11850/- | 750/- | 6 माह | P.W.D. S.O.R (Building) 01.01.15 |

शर्तें
1. निविदि के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

